# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 15 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल पूर्णिमा- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 99 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ भगवान काल भैरव के इन फेमस मंदिरों में आप भी कर आएं दर्शन, कष्टो से मिलेगी मुक्ति

रामायण : रणबीर कपूर बने 'राम',सनी देओल निभाएंगे 'हनुमान' का किरदार ◂◂ 6







## डीजीपी ने चांडिल थाना प्रभारी को किया सस्पेंड



मेट्रो रेज

**रांची :** सरायकेला के चांडिल थाना प्रभारी को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सस्पेंड कर दिया है। डीजीपी ने बताया कि सीआईडी की रिपोर्ट के बाद चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव सस्पेंड किया गया है। गौरतलब है कि डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी। इसको लेकर डीजीपी ने रेंज के डीआईजी और जिले के एसपी को आदेश जारी किया था। डीजीपी ने राज्य के सभी जिलों में थाना प्रभारी व थाना के अन्य कर्मियो को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के संबंध में कई दिशा-निर्देश भी जारी किये थे।

डीजीपी ने तुरंत मामला दर्ज करने का दिया निर्देशः डीजीपी ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि साइबर अपराध, एसटी, एससी, मानव तस्करी और महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी के आवेदन पर आवेदित थाना में ही मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करें। किसी भी पीड़िता के आवेदन पर क्षेत्र के संबंध में विचार किये बिना अविलंब आवेदित थाना में मामला दर्ज करें। सभी रेंज के डीआईजी और एसपी को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिला और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि यदि थाना प्रभारियों द्वारा आम जनता के आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे अपनी शिकायतों को वरीय अधिकारियों के पास दर्ज करा सकें।

## वन नेशन वन इलेक्शन बिल अब सोमवार को लोकसभा में नहीं होगा पेश, संशोधित कार्यसूची से हटाया गया

**नई दिल्ली :** देश में वन नेशन, वन इलेक्शन की बीते कुछ दिनों से खूब चर्चा है। इससे जुड़े दो विधेयक सोमवार को लोकसभा में भी पेश किया जाने वाला था। अब बताया जा रहा है कि दोनों विधेयक सोमवार को लोकसभा में पेश नहीं किए जाएंगे। संशोधित कार्यसूची से बिल को हटा दिया या है। इससे पहले शुक्रवार को जारी की गई कार्यसूची में कहा गया था कि बिल को सोमवार को लोकसभा में रखा जाएगा। अभी कारण स्पष्ट नहीं कि सरकार ने सोमवार को बिल न लाने का फैसला क्यों किया और अब किस दिन लाया जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, ये विधेयक वित्तीय व्यवसाय के पूरा होने के बाद सदन में लाए जा सकते हैं। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संशोधित सूची में इन विधेयकों को सोमवार के एजेंडे में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि, लोकसभा स्पीकर की इजाजत के बाद सरकार बिल को सप्लीमेंट्री लिस्टिंग के माध्यम से सदन में आखिरी समय में भी पेश कर सकती है।

ये दोनों विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के से संबंधित है। पिछले सप्ताह नियमों के मुताबिक इन विधेयकों की प्रतियां सदस्यों के बीच बांटी गई थीं। अभी संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है, जो कि 20 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। इसके पहले, सरकार पहले बैच की पहले की मांग को पारित करने पर फोकस करना चाहती है, जो सोमवार के लिए लिस्टेड हैं।

इस कदम से यह स्पष्ट है कि सरकार एक बड़े और विवादित मुद्दे एक राष्ट्र, एक चुनाव पर और भी विचार करना चाहती है। यह एक साथ चुनाव कराने की दिशा में बड़ा कदम होने वाला है, जाहिर है इसको लेकर बातचीत होगी।



### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

## बिहार के दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या



**इम्फाल :** मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क उठी है। राज्य में दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग मारे गए। इनमें से दो बिहार के मजदूर शामिल थे। वहीं, पुलिस ने एक उग्रवादी को भी मुठभेड़ में मार गिराया है। काकचिंग जिले में दो श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान 18 साल के सुनेलाल कुमार और 17 साल के दशरथ कुमार के रूप में हुई। वे बिहार के गोपालगंज जिले के राजवाही गांव के रहने वाले थे और मौजूदा समय में काकचिंग में मैतेई बहुल इलाके में रहते थे।

काकचिंग-वाबागई रोड पर पंचायत कार्यालय के पास शाम लगभग 5:20 बजे अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। बता दें कि इससे पहले शनिवार को मणिपुर पुलिस के कमांडो ने थोउबाल जिले के सालुंगफाम मणिंग लेकाई में संदिग्ध उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी को मार गिराया। छह अन्य को गिरफ्तार भी किया है। मृतक उग्रवादी की पहचान 16 साल के लाइश्राम प्रियाम उर्फ लोकटक के रूप में हुई।

### किसानों का बड़ा ऐलान

## पूरे देश में करेंगे ट्रैक्टर मार्च, 18 दिसंबर को पंजाब में रोकी जाएंगी ट्रेनें

**अंबाला:** मांगों को लेकर बीते 10 महीनों से डटे पंजाब के किसानों ने शनिवार को शंभू बॉर्डर से दोपहर 12 बजे दिल्ली के लिए कूच किया। हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद दिल्ली की तरफ कूच कर रहे किसानों ने शनिवार को अपना पैदल मार्च स्थगित कर दिया। पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने पत्रकारों से कहा कि दोनों मंचों ने अपने जत्थे को वापस बुलाने का फैसला किया है। एक सवाल के जवाब में पंधेर ने कहा कि हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों की कार्रवाई के दौरान 17-18 किसान घायल हुए हैं। वहीं अब किसानों ने पूरे देश में ट्रेक्टर मार्च और रेल रोको अंदोलन का ऐलान किया है।



किसान नेताओं ने कहा कि अब 16 दिसंबर को उनका ट्रैक्टर मार्च होगा। इस दौरान पंजाब को छोड़कर पूरे देश में ट्रेक्टर मार्च निकला जाएगा। वहीं 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रेल पूरी तरह रोकने की चेतावनी दी है। किसान नेताओं का कहना है कि अगला जत्था हरियाणा का होगा। एक जत्था महिलाओं का भेजा जाएगा। वहीं, खनौरी बॉर्डर पर 26 नवंबर से भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा, किसानों में बहुत गुस्सा है। कहीं भी ऐसी गलती न हो जिसे किसान बर्दाश्त न कर पाएं। अगर किसी किसान को कुछ हुआ तो उसकी पूरी तरह से मोदी सरकार जिम्मेदार होगी।

इस बीच शंभू बॉर्डर पर किसान ने आत्महत्या की कोशिश की। किसान नेता तेजवीर सिंह ने कहा कि लुधियाना के खन्ना के किसान ने जोध सिंह ने सल्फास निगला है। गंभीर हालत के चलते उन्हें पटियाला के राजेंद्र अस्पताल रेफर कर दिया है।



## दर्दनाक हादसा : ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलटी, 5 की मौत,10 से अधिक घायल

**ग्वालियरः** मध्यप्रदेश के ग्वालियर में शनिवार देर रात ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 5 लोगों की मौत हो गई। घटना घाटीगांव में आंतरी-तिलावली तिराहा की है। ट्रैक्टर-ट्रॉली में सहरिया आदिवासी समाज के लोग थे। मृतकों में एक नाबालिग भी शामिल है। हादसे में 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियों की मदद से जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर रुचिका चौहान ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर घायलों का हाल जाना। बता दें ग्वालियर के घाटीगांव के कैंथ गांव से शनिवार को सहारिया आदिवासी समाज के 31 लोग पई खो गांव के जंगल में शतावरी वन औषधि की जड़ खोदने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली से गए थे। काम खत्म होने के बाद औषधि की जड़ ट्रॉली में भरकर सभी लौट रहे थे। रास्ते में आंतरी तिलावली तिराहे से आगे ट्रैक्टर-ट्रॉली के सामने एक भैंस आ गई। इसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर का स्टियरिंग से कंट्रोल छूट गया, इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में एक नाबालिग, दो महिलाओं समेत 5 लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे दब गए। घाटीगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी, एएसपी और डीएसपी स्पॉट पर पहुंच गए और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही चारों शवों को मोर्चरी में रखवाया गया है।

## 46 साल बाद संभल के मंदिर में हुई हनुमान जी की आरती

**संभलः** उत्तर प्रदेश के संभल में शनिवार को जिला पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हनुमान मंदिर मिला। हनुमान जी के सामने शिवलिंग भी मिला जिसकी सफाई की गई। रविवार सुबह मंदिर में आरती की गई। इसका वीडियो सामने आया है जिसे न्यूज एजेंसी एएनआई ने जारी किया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि भक्त हाथ में थाली लेकर हनुमान जी की आरती कर रहे हैं।

मंदिर के बाहर पुलिस सुरक्षा तैनातः संभल में 14 दिसंबर को फिर से खोले गए मंदिर के बाहर पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है।



मंदिर परिसर की सफाई शनिवार को की गई। यहां बिजली की व्यवस्था की गई। सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए। नगर हिंदू सभा के संरक्षक विष्णु शरण रस्तोगी का दावा है कि 1978 के बाद मंदिर को फिर से खोला गया है।

46 साल से बंद पड़े मंदिर को खुलवाया गयाः संभल सीओ अनुज कुमार चौधरी ने कहा, में सूचना प्राप्त हुई थी कि इलाके में एक मंदिर है जिसपर अतिक्रमण किया जा रहा है। जब हमने मौके का निरीक्षण किया तो हमें एक मंदिर नजर आया। संभल डीएम-एसपी ने 46 साल से बंद पड़े भगवान शिव और हनुमान के मंदिर को खुलवाया है। मीडिया में चल रही खबर के अनुसार, अवैध अतिक्रमण और बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी के दौरान यह मंदिर दिखा जिसे बाद में साफ करवाया गया।

### इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड केस

## पत्नी निकिता गुरुग्राम से, मां और भाई प्रयागराज से गिरफ्तार

**गुरुग्राम :** अतुल सुभाष सुसाइड केस में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मृतक अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया उनकी मां निशा सिंघानिया और भाई अनुराग सिंघानिया को बेंगलुरु पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। निकिता को गुरुग्राम से और मां और भाई को इलाहाबाद से अरेस्ट किया गया है। इसके बाद दोनों को बेंगलुरु लाकर कोर्ट के सामने पेश किया गया, कोर्ट ने उन्हें ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है। बेंगलुरु पुलिस ने 13 दिसंबर को अतुल सुभाष की पत्नी निकिता सिंघानिया के जौनपुर स्थित आवास के बाहर एक नोटिस चिपकाया था। बेंगलुरु पुलिस ने आरोपियों का पता लगाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस से मदद मांगने का फैसला किया, इसके बाद ये गिरफ्तारियां हुई हैं। तीनों आरोपियों पर अतुल के खिलाफ मामला वापस लेने के लिए 3 करोड़ रुपये और उसके बेटे से मिलने के अधिकार के लिए 30 लाख रुपये मांगने का आरोप है। बेंगलुरु में एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने अपने बेंगलुरु अपार्टमेंट में आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने 24 पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा था। 34 वर्षीय एआई इंजीनियर ने आत्महत्या करने से पहले रंबल पर 90 मिनट का एक वीडियो भी छोड़ा था।



न्यूज ब्रीफ



## गोस्सनर कॉलेज कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्रों का हुआ समागम

**रांची:** गोस्सनर कॉलेज में शनिवार को आईक्यु एसी के तत्वावधान में पूर्ववर्ती छात्रों का समागम हुआ। राइट रेवरेन बिशप सीमांत संदीप तिर्की के आशीष वचनों से कार्यक्रम की शुरूआत हुआ। मंच संचाल डॉ सुषमा, प्रो महिमा गोल्डन, प्रो।सलमा, प्रो अमोस तोपनो और डॉ योतोम ने किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रो ऐलानी पूर्ति ने कहा कि गोस्सनर महाविद्यालय का इतिहास काफी पुराना है। पांच कमरों से पढ़ाई शुरू हुआ था। आज 9.5 एकड़ में फैला हुआ है। आज रांची का विख्यात महाविद्यालय बन चुका है। यहां से पास हो चुके छात्र छात्राएं देश के प्रमुख संस्थानों में कार्य कर रहे हैं। कई ऐसे छात्र है जो देश की रक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं। इसमें राज्य भर से लगभग 200 पूर्ववर्ती छात्र उपस्थित हुए।

छात्र समागम में जमशेदपुर मुसाबनी सीटीसी आईपीएस विजय आशीष कुजूर, सेल टैक्स असिस्टेंट कमिश्नर अजय कच्छप, पूर्व बिशप जॉनसन लकड़ा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सुमराय टेटे, सामाजिक कार्यकर्ता दयामणि बारला, सब इंस्पेक्टर अनिल भुइयां, मुख्य मेडिकल ऑफिसर प्रेमी टोप्पो, बेटनरी डॉक्टर अनूप कुमार लाल, इन्फोसिस के प्रशांत नारायण समेत मुख्य संस्थानों में कार्य कर रहे सैकड़ों एलुमीनी मीट में उपस्थित थे। एलुमीनी छात्रों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। सेलम बैंड ने सुंदरगान का कार्यकम भी किया गया। मौके पर प्रोफेसर अमरदीप टोपनो, प्रोफेसर हेमंत कुमार टोप्पो, डॉ लुगुन, डॉक्टर मीना तिर्की, प्रो। जोलेन सोय, सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 84 करोड़ रुपए समझौता राशि की वसूली

**बोकारो :** जिले में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 13 बेंचों का गठन कर मामलों की सुनवाई की गई। बोकारो सिविल कोर्ट में 9, जबकि तेनुघाट अनुमंडल न्यायालय में 4 बेंचो का गठन किया गया, जहां चेक बाउंस, बिजली बिल, पारिवारिकि विवाद, दीवानी, श्रम, उत्पाद, वन विभाग व मोटरयान से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। लोक अदालत में कुल 405990 वादों को रखा गया, जिनमें 405990 वादों का निष्पादन करते हुए समझौते के आधार पर 840076427 रुपए किए गए।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा बोकारो के अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश श्रम न्यायालय अनुज कुमार, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अरविंद कुमार, पीठासीन पदाधिकारी, श्रम न्यायालय अनुज कुमार, बोकरो के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय दीपक वर्णवाल, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय देवेश कुमार त्रिपाठी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ गरिमा मिश्रा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लुसी सोसेन तिग्गा, डालसा सचिव अनुज कुमार सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी व अधिवक्ता तथा संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्रा का मोबाइल छीनने का आरोपी युवक गिरफ्तार

**धनबाद :** चिरकुंडा के नेहरू रोड में पिछले दिनों बाइक सवार दो युवक स्कूली छात्रा का मोबाइल छीनकर फरार हो गए थे। एक आरोपी युवक को चिरकुंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने उसकी बाइक व उसके पास से छात्रा का मोबाइल भी जब्त कर लिया है। चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि 16 नवंबर को नेहरू रोड में स्कूली छात्रा अनुसुईया दत्ता से उचक्कों ने मोबाइल की छिनतई की थी। पुलिस ने जुनकुदर की जीओसीपी कॉलोनी स्थित आवास से आरोपी युवक शुभम यादव को गिरफ्तार कर लिया। युवक को पुलिस ने पुछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। छिनतई में शामिल दूसरे युवक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। छापेमारी में थाना प्रभारी रामजी राय, एसआई शशि प्रकाश, सुखदेव महतो व अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## नाबालिगों को दो पहिया वाहन चलाने न दें : सिल्ली थाना प्रभारी



**मुरी:** लापरवाह तरीके से बाइक चलाने वालों नाबालिगों को सिल्ली पुलिस ने पकड़ा और बाइक थाने ले गये। पुलिस ने जनता के बीच निर्देश जारी किया कि बिना लाइसेंस व लापरवाही से बाइक चलाने वालों पर मोटर व्हिकल कानून में दणडनीय अपराध माना जाएगा। साथ ही नाबालिग को दो पहिया वाहन न चलाने का निर्देश गार्जियन से किया है। सुरक्षा के लिए रांची पुलिस ने सड़क सुरक्षा मानक के अनुसार ऐसा आदेश जारी किया है।

## 3 जनवरी जयपाल सिंह मुंडा की जयंती झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनायी जायेगी: मोर्चा

**रांची:** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य लंबे संघर्ष और शहादत के बाद बना है। 18 दिसंबर को झारखंड आंदोलन के अमर पुरोधा विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि है। 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की जयंती, 1 जनवरी 2025 को खरसवा गोली कांड के शहीदों को नमन किया जायेगा एवं शहीद सोबरन अंसारी की जयंती तथा 3 जनवरी को झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के अगुवा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप से मनाया जायेगा। कहा कि झारखंड आंदोलनकारी अपने अस्तित्व अपनी पहचान एवं अस्मिता को मिटने ना देंगे। झारखंड अलग राज्य समृद्धशाली खुशहाल बनाने के लिए हम लड़े थे। अब हमें झारखंड को बचाने, सजाने व संवारने के लिए एक और लड़ाई लड़नी है।

### उपायुक्त ने परियोजनाओं का किया निरीक्षण

# योजनाओं को समय पर पूरा करने का पदाधिकारियों को दिया निर्देश



**संवाददाता**

**रांची:** डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय में रांची जिला अन्तर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं पथ निर्माण विभाग, भू-अर्जन से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में डीसी मंजूनाथ ने सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहरी क्षेत्र, रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र में चल रही विभिन्न परियोजनाओं को ससमय पूरा करें। इस समीक्षा बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रांची केके राजहंस, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रांची (शहरी) एवं रांची जिला के सभी अंचल अधिकारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी के पहुंच पथ का निर्माण कटहल मोड़ से अरगोडा पथ का चौड़ीकरण, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ निर्माण, रांची रेलवे स्टेशन तक दूसरा पहुंच पथ निर्माण परियोजना, सिरम टोली चौक-राजेंद्र चौक मेकन गोलचक्कर पर 4 लेन फलाईओवर, अरगोड़ा से कटहल मोड़ भाया पुंदाग पथ चौड़ीकरण मजबूतीकरण परियोजना, इटकी सेंटोसियम से मोरो नारी चंनगनी पथ परियोजना, बरियातु मुख्य मार्ग से बड़गाई लेम से बोड़ेया तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण एवं अन्य सभी परियोजना को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। एक सप्ताह के अंदर वंशावली का भूमि प्रतिवेदन देने के निर्देशः डीसी ने जिला भूअर्जन पदाधिकारी को कैंप लगाकर मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अंचल अधिकारी को एक सप्ताह के अन्दर वंशावली का सत्यापन व भूमि प्रतिवेदन देने को कहा गया। डीसी ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रांची शहर में किसी तरह की अड़चन को सम्बंधित पदाधिकारी तुरंत दूर करें। जिन रैयतों का भुगतान किसी कारण से नहीं हुआ है, उनका भुगतान तुरंत करें, ताकि रांची शहर को जाम मुक्त किया जा सके।

## कैशर हिन्द भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग



**सिल्ली :** सिविल कोर्ट रांची के अधिवक्ता सिल्ली के कोंचो निवासी भरत महतो ने विधायक अमित महतो से सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मौजा कांशीडीह थाना नं0 87 खाता संख्या 34 खेसरा संख्या - 173/543, रकवा 06 डी0 तथा खेसरा संख्या - 177/546, रकवा 07 डी0 कैशरे हिन्द भूमि पर किए गए अवैध हटाये की मांग किया है। अधिवक्ता ने विधायक को अवगत कराते हुए कहा है कि उन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मालूम चला है कि उक्त खाता प्लॉट की कैशरे हिन्द भूमि पर महिला नेत्री मंजू देवी एंव परीक्षित महतो का ससुर रामसेवक महतो जो अपर समाहर्ता रांची से सेवानिवृत हुए हैं ने मकान व चबूतरा बनाकर अवैध कब्जा कर रखा है। इसको लेकर प्रमंडलीय आयुक्त का कार्यालय दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची को ज्ञापंक 10 मई 2024 को दिया गया था, जिसका ज्ञापंक संख्या 2659 है। इस ज्ञापंक के आलोक में आयुक्त ने उपायुक्त रांची को उपयुक्त मामले में सम्यक जांचोंप्रान्त नियमानुसार कार्रवाई कर अवगत कराने को कहा था। परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। अधिवक्ता का कहना है की ये भूमि मुख्य चौक पर है यहां अगर बस पड़ाव या मुरी ओपी का पुलिस चौकी बनाया गया तो लोगों को बहुत ही सुविधा और सहूलियत होगा ।

### वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 15 एकड़ में लगी अवैध अफीम की खेती को किया नष्ट



**मेंट्रो रेज**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र में वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी करवाई की है। टीम ने यहां लगभग 15 एकड़ में फैली अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया है। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि अवैध खेती करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय निवासियों से भी अपील की कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। सिकड़ा में 10 और सिकनी में 5 एकड़ में उगाई गयी थी अवैध अफीम गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए इस अभियान में सिकड़ा और सिकनी के वन क्षेत्रों में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती का पता चला। सिकड़ा के वन क्षेत्र में करीब 10 एकड़ और सिकनी के वन क्षेत्र में लगभग 5 एकड़ में अवैध अफीम उगाई जा रही थी। वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर इन क्षेत्रों में छापेमारी की और अफीम के पौधों को जड़ से उखाड़कर नष्ट कर दिया। इस दौरान सभी सुरक्षात्मक उपायों का पालन किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## पुलिस ने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के लिए लोगों को किया जागरूक



**रामगढ :** सिविल कोर्ट रामगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमे प्रधान जज आलोक कुमार दुबे, जज संजय कुमार और एसपी अजय कुमार शामिल हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत में आये आवेदकों को लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गयी और उनकी लंबित मामलों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निष्पादन किया गया। इस दौरान रामगढ़ पुलिस के द्वारा स्टॉल लगाकर महिला अत्याचार, उत्पीड़न, साईबर क्राइम, सड़क सुरक्षा, बाल यौन शोषण, पीड़ित को मिलने वाले मुआवजे के संबंध में 18 दिसंबर को सिद्धू कान्हू मैदान, रामगढ़ में आयोजित होने वाले ह्यह्यजन शिकायत समाधान कार्यक्रम के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही रामगढ़ जिला के सभी थाना/ओपी प्रभारी द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## जन्मदिन की पार्टी के बहाने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**गुमला:** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को उसके दोस्त जन्मदिन की पार्टी में जाने के बहाने कार में बिठाकर घुमाने ले गए। दोस्त का जन्मदिन मनाने के बहाने वे उसे शहर के एक होटल में ले गए। जहां सभी ने साथ में खाना खाया और आरोपियों ने नाबालिग को खूब शराब पिलाई। नशे में धुत होने के बाद सभी ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने नाबालिग को घटना का जिक्र किसी से न करने को कहा और धमकी दी कि अगर उसने ऐसा किया तो अच्छा नहीं होगा।

## नियम को ताक पर रख बालू माफिया कर रहे बालू का भंडारण

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने सभी थाना व अंचल स्तर पर अवैध बालू उठाव का पूर्ण रूप से रोक लगाने का निर्देश दिया था। लेकिन बालू बंदी के बावजूद भी अवैध तरीके से बालू का खनन व भंडारण बेधड़क जारी है। प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए स्थानीय बालू माफिया अपनी मनमर्जी से बालू की बेखौफ निकासी में दिन-रात लगे हुए हैं। ताजा मामला चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अवसाने पंचायत का है। जहां टोला मड़ही में प्रखंड प्रमुख



गायत्री देवी ने उत्क्रमिक प्राथमिक विद्यालय के पास बालू माफियाओं के द्वारा दर्जनों ट्रैक्टर से जमा बालू का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मालूम हो कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा नदी से बालू खनन व भंडारण के लिए पाबंदी लगा दी गयी है। कहा कि प्रखंड मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर अवसाने पंचायत से सटे कोयल नदी गुजरी है। जहां से बालू व्यवसाय करने वाले बालू माफियाओं ने अवैध तरीके से बालू का भंडारण कर रखा है। एनजीटी लागू होने के बावजूद भी बालू माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से बालू का उठाव कर रहे हैं। अवसाने पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए बालू का भंडारण कराया गया है। जहां एक तरफ डीसी ने जिला अवैध खनन टास्क फोर्स की बैठक में कहा है कि किसी भी सूरत में कहीं भी बालू का अवैध उठाव, परिवहन या भंडारण नहीं हो, इसके लिए अपेक्षित कार्रवाई करें। जानकारी के अनुसार प्रखंड व जिले में पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए डीसी ने रेत के भंडारण व खनन पर सख़्त निर्देश दिया है, ताकि कोई भी रेत का अवैध रुप से खनन न कर सके। लेकिन इस प्रतिबंध के बाद भी प्रखंड क्षेत्र में रेत के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण का कार्य बेखौफ रुप से चल रहा है।

# कसमार में एनएच पर 2 अलग-अलग हादसों में 6 लोगों की मौत

**मेट्रो रेज**

**बोकारो :** जिले के कसमार थाना क्षेत्र के दांतू में नेशनल हाइवे पर दो अलग-अलग हादसों में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पांच लोग गोला थाना क्षेत्र के सुतरी गांव व एक व्यक्ति पेटरवार के उतासारा गांव का निवासी था। पहली घटना दांतू के चटनिया मोड़ के पास हुई। गोबर लदे एक ट्रैक्टर को हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर पलट गया, जिसमें ट्रैक्टर चालक का सहयोगी उतसारा गांव निवासी सुखसागर नायक उर्फ देला गोबर में दब गया। चालक ने उतसारा गांव जाकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीण जब तक घटनास्थल पर पहुंचे तब तक गोबर में दबे चालक के सहयोगी सुखसागर नायक (45 वर्ष) की



मौत हो चुकी थी। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी, जिससे एनएच पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में एक ट्रेलर भी घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर डाक बंगला के सामने खेलाचंडी मंदिर के पास फंसा हुआ था। इसी बीच पीछे से आ रही एक बोलेरो (नबंर जेएच 01 एई 4459) ट्रेलर में जा टकराई। इस हादसे में बोलेरो पर सवार सुतरी गांव के पांच लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सभी लोग चंद्रपुरा के भंडारीदह के फुलवारी गांव में एक रिश्तेदार के घर मुंडन समारोह से लौट रहे थे। वहां सुतरी गांव के सुंदरलाल सिंह के साढू के पौत्र का मुंडन संस्कार था। हादसे में सुंदरलाल सिंह (35 वर्ष), उनकी पत्नी धूपिया देवी (30 वर्ष), पुत्र कृष्ण कुमार (10 वर्ष) व पुत्री गुंजन कुमारी (7 वर्ष) तथा उसी गांव का सुजीत मुंडा (30) वर्ष की मौत हो गई। दो सड़क हादसों के बाद दांतू में एनएच पर करीब आठ किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने 5 घंटे जाम रखा एनएच पहली घटना शाम करीब सात बजे चटनियां मोड़ पर सड़क के बीचो बीच घटी। हाइवा व ट्रैक्टर की दुर्घटना में खलासी की मौत के बाद दांतू से उत्तासारा व दांतू से कमलापुर दोनों ओर लगभग आठ किलोमीटर तक सड़क पर जाम लग गया। पुलिस की सूझ-बूझ से सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों को बहादुरपुर में बायपास कर कसमार के रास्ते पेटरवार की ओर भेजा जा रहा था। सड़क जाम व भीड़ को नियंत्रित करने में कसमार बीडीओ नम्रता जोशी, कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो समेत जरीडीह व पेटरवार थाना प्रभारी लगे हुए थे। ट्रैक्टर मालिक की ओर से मृत खलासी सुखसागर नायक के परिजनों को दो लाख रुपये मुआवजा देने पर करीब 5 घंटे बाद ग्रामीण माने और जाम हटाया।

### जेएससी सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक का मामला

# छात्र करेंगे जेएसएससी कार्यालय का घेराव, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, मुख्यमंत्री ने दिये सीआईडी जांच के आदेश





- हाई सेक्योरिटी जोन में तब्दील हुआ जेएसएससी कार्यालय
- छात्रों के जुटान को लेकर रांची प्रशासन अलर्ट
- जेएसएससी कार्यालय के बाहर फायर ब्रिगेड, वाटर कैनन, वज्र वाहन तैनात
- वीडियोग्राफी और ड्रोन के जरिये रखी जा रही है निगरानी
- जेएसएससी कार्यालय जाने वाले हर रास्ते को कर दिया गया सील

**मेट्रो रेज**

**रांची :** जेएसएससी सीजीएल में कथित पेपर लीक का मामला थमता नहीं दिख रहा है। इसको लेकर आज रविवार को रांची में विभिन्न जिलों के अभ्यर्थी जुटने वाले हैं। छात्र रांची के नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय का घेराव और विरोध-प्रदर्शन करेंगे। छात्रों के कार्यालय घेराव को लेकर जेएसएससी कार्यालय के बाहर सुरक्षा व्यवस्था चकचौबंद कर दी गयी है। रांची जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है। पूरे मैदान में बैरिकेडिंग कर दी गयी है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर करीब 2500 जवानों और अधिकारी मौके पर तैनाती हैं। साथ ही जेएसएससी कार्यालय जाने वाले मार्ग में दो लेयर की सुरक्षा की गयी है। इसके अलावा अग्निशमन, वाटर कैनन और वज्र वाहन भी तैनात हैं। जेएसएससी कार्यालय के बाहर पुलिस प्रशासन के लिए टेंट और पूरे मैदान में बैरिकेडिंग की गयी है। जेएसएससी कार्यालय परिसर की ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। सभी मूवमेंट की वीडियोग्राफी भी की जा रही है। बता दें कि सीएम हेमंत सोरेन ने जेएसएससी सीजीएल में कथित पेपर लीक मामले की जांच सीआईडी को सौंपी है।

**जेएलकेएम ने किया आंदोलन का ऐलान:** जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि 15 दिसंबर रविवार को छात्र रांची आएंगे और 16 दिसंबर से कार्यालय के बाहर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करेंगे। छात्रों के आंदोलन को देखते हुए सीएम हाउस, सीएम सचिवालय और राजभवन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**आयोग ने लीक के सभी आरोपों से किया इंकार:** वहीं इस बीच आयोग ने भी शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पेपर लीक के सभी आरोपों को निराधार बताया। आयोग के सचिव ने कहा कि 21 और 22 सितंबर को आयोजित परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है। परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 2231 अभ्यर्थियों में 2145 झारखंड के निवासी हैं और उनमें से 83 फीसदी अभ्यर्थी आरक्षित वर्ग के हैं।

**आखिर क्यों छात्र कर रहे हैं विरोध:** झारखंड कर्मचारी आयोग ने 21 और 22 सितंबर 2024 को जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा आयोजित की थी। छात्रों का कहना है कि परीक्षा के दिन इंटरनेट बंद कर पेपर लीक कराया गया है और बेचा गया है। वहीं आयोग इस तरह के सभी आरोपों से इंकार करता आ रहा है। वहीं चुनाव खत्म हो जाने के बाद आयोग ने परीक्षा के शॉर्टलिस्टेड छात्रों की लिस्ट जारी कर दी है और उन्हें डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए 16 दिसंबर से बुलाया है। बता दें इससे पहले भी जनवरी में परीक्षा ली गई थी जिसमें पेपर लीक हो गया था।

## डीआइजी ने सुरक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

**रांची:** सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को आयोग कार्यालय के समक्ष अभ्यर्थी और कोचिंग संचालकों के अलावा राजनीतिक दलों से जुड़े लोग जोरदार प्रदर्शन कर सकते हैं। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल और एडीएम लॉ एंड ऑर्डर लगातार आयोग कार्यालय के आसपास विधि व्यवस्था बनाये रखने में जुटे हुए हैं।

डीआइजी ने ली जानकारीः शनिवार को रांची रेंज डीआइजी अनूप बिरथरे आयोग की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। वहीं मातहत अफसरों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया। इसके अलावा रांची की सीमा से जुड़े क्षेत्रों में भी बाहर से छात्रों को लेकर आनेवाले वाहनों को पुलिस रोक सकती है।

पूरे क्षेत्र में की गयी बैरिकेडिंगछात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए आयोग कार्यालय के सामने और आयोग कार्यालय की ओर आनेवाली सभी सड़कों पर बैरिकेडिंग की गयी है। सभी जगहों पर लोहे से दो लेयर में बैरिकेडिंग की गयी है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि कार्यालय से 100 मीटर की दूरी पर बनाये गये घेरे से ही सबको रोका जायेगा।



## नामकुम में जमीन कारोबारी मधु राय की गोली मारकर हत्या

**रांची:** नामकुम थाना क्षेत्र के रामपुर कवाली के पास कुछ अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने लाल मधुसुदन राय उर्फ मधु राय की गोली मारकर हत्या कर दी । बताया जाता है कि यह घटना रविवार दोपहर लगभग एक बजे की है। श्री राय की हत्या में अपराधियों ने दर्जनभर गोलियों का प्रयोग किया है। इस बाबत पुलिस का कहना है कि मधु राय जमीन का कारोबार करते थे। उनकी हत्या जमीन को ही लेकर हुई होगी। फिलहाल मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। अपराधियों की पहचान भी जल्द कर ली जायेगी। जानकारी के अनुसार मधु राय किसी काम से कवाली गये थे। इसी क्रम में अपराधियों ने उन्हें रोककर सड़क पर ही गोली मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक बाइक पर सवार दो लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

## अज्ञात शव बरामद



**रांची:** चुटिया थाना क्षेत्र के नायक टोली तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## महोत्सव में दिखी झारखंड की माटी की खुशबू

**रांची:** रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में आदिवासी युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। युवा महोत्सव में पहले दिन में 17 कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें खोडहा डांस, पैनल डिस्कशन, आदिवासी खोड़हा नृत्य, म्युजिकल ड्रामा, फैशन और रॉक शो और रैम्प शामिल था। मंच संचालन प्रतीत कच्छप और अनुपमा कुजूर ने किया। अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा शामिल हुए। पाहन ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। शाम पांच बजे सबसे पहले लिविंग स्टोन एकेडमी के छात्रों ने स्टेज मे में ढोल बाजे मांदर बाजे चल गुया संगे खेले जाब के गीतों से नृत्य प्रस्तुत किया।

# हाड़ कपाने वाली ठंड, लगातार गिर रहा तापमान, शीतलहर का अलर्ट जारी



**रांचीः** राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात में लगातार तापमान गिर रहा है। लोग दिन में भी अलाव के सामने बैठने को मजबूर हैं। वहीं मौसम विभाग की माने तो आज राज्य के 7 जिलें बोकारो, धनबाद, रामगढ़, गढ़वा, पलामू, चतरा और गुमला में भीषण ठंड पड़ सकती है। सभी 7 जिलों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे में राज्य के सभी इलाके में तकरीबन 10 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा है। वहीं रांची के मैक्लुस्कीगंज का न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस रहा और सबसे अधिक ठंडा जिला गढ़वा रहा जहां का न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री रहा। मौसम विभाग की माने तो फिलहाल इस हाड़ कंपाने वाली ठंडी से राहत नहीं मिलने वाली है। अगर ठंड लग भी जाती है तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। अलाव का सहारा लेकर भी आप ठंड से बच सकते हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि राज्य के कई जिलों को अभी शीतलहर से राहत नहीं मिलने वाली है। 15 दिसंबर को रामगढ़, बोकारो और धनबाद में शीतलहर चलने की संभावना है। 16 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान 24-25 डिग्री के आसपास रह सकता है।

**सबसे कम न्यूनतम तापमान गढ़वा में:** रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक तक मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा। राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। बीते 24 घंटे के मौसम की बात करें तो झारखंड के चाईबासा में अधिकतम तापमान 29। 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस गढ़वा में दर्ज किया गया।

**जमशेदपुर डालटनगंज का पारा भी 10 से नीचे:** ठंड का कहर राज्य में ऐसा है कि जमशेदपुर और डालटनगंज का पारा भी 10 डिग्री से नीचे चला गया है। बीते 24 घंटे में जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। जबकि डालटनगंज का पारा 7 से 8 डिग्री के आसपास रहा।

**कोल्ड वेव का क्या हो सकता है असर:** कोल्ड वेव के दौरान फ्लू हो सकता है। कई बार लोगों में नाक बहने या बंद होने की समस्या दिखती है। लगातार ठंड में रहने के कारण ऐसा होता है। कंपकपी हो सकती है। इसको नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। अगर शरीर ठंड पड़ने की शिकायत है तो कोशिश करें कि घर से बाहर न निकले। इसके अलावा कोल्ड वेव का असर पड़ने पर उंगलियां, नाक और कान के निचले हिस्से पर काले छाले दिखाई देने लगते हैं। अगर ऐसा लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें और उसके अनुसार अपनी दवाई लें।

## बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं : संजय सेठ



**रांचीः** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची के एक स्कूल की छात्रा के साथ छेड़खानी की घटना की कड़ी शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा मनचलों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है, प्रशासन कब जागेगा। राजधानी के लिए इससे शर्मनाक और घृणित कुछ और नहीं हो सकता। यह पूरी व्यवस्था के लिए चुनौती है। रांची में पूरे झारखंड की बेटियां भी पढ़ाई और रोजगार के लिए आती हैं। आज इनकी सुरक्षा को लेकर हर अभिभावक चिंतित हैं। रांची पुलिस इन क्षेत्रों की गश्त और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। कहा कि प्रशासन स्कूल कॉलेज के पास पुलिस गश्त तेज हो। गश्ती पुलिस सिर्फ चौक चौराहा पर खड़े होकर अपनी ड्यूटी पूरी न करें। प्रशासन केवल बैठ कर खानापूर्ति करने में लगा है और बेटियां राह चलते शर्मसार होती हैं। राजधानी में ऐसी हरकत करने वाले की 24 घंटे में गिरफ्तारी के साथ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। झारखंड पुलिस ऐसे सभी क्षेत्रों को चिन्हित कर, बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करें।

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव में छाया अल्लू अर्जुन का पुष्पा लुक



**रांचीः** झारखंड खेल एवं युवा कार्य विभाग की ओर से शनिवार को ऑड्रे हाउस में जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन डीडीसी रांची दिनेश कुमार यादव, असिस्टेंट कलेक्टर आदित्य पांडे, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार ने किया। इस महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, जिनमें सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, चित्रकला, भाषण, विज्ञान मेला (एकल), कहानी लेखन, कविता लेखन, विज्ञान मेला (सामूहिक), फोटोग्राफी का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 450 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी इवेंट के विजेता 16 दिसंबर को आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। छाया अल्लू अर्जुन का पुष्पा लुकः कार्यक्रम में महावीर ग्रुप के कलाकार रोहित ने अल्लू अर्जुन के पुष्पा लुक को धारण किया। इस लुक ने लोगों का ध्यान उनकी ओर खूब खींचा। लोगों ने जमकर उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई। कार्यक्रम में अन्य कलाकारों ने भी बेहतरीन वेश धारण किया था। वहां मौजूद लोगों के कार्यक्रम का खूब लुत्फ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरू युवा केंद्र, जिला खेल समन्वयक आशीष कुमार बनर्जी, जिला पर्यटन विशेषज्ञ रोशन कुमार , मुकेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## फरवरी में होगा अंजुमन तरक्की का राज्य सम्मेलन



**रांचीः** अंजुमन तरक्की उर्दू रांची की बैठक शनिवार को कर्बला चौक स्थित गुलशन हॉल में नजमा नाहीद अंसारी की अध्यक्षता में हुई। मौके पर केंद्रीय प्रतिनिधि एमजेड खान ने अंजुमन की गतिविधियों का जिक्र करते हुए कहा कि अंजुमन का राज्य सम्मेलन वर्ष 2025 के फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर डॉ असगर जमील, डॉ महताब आलम, सैयद इकबाल अहमद, रेहाना मोहम्मद अली, डॉ एस बानो, अब्दुल समद, डॉ जमशेद कमर, डॉ महफूज आलम, मोहम्मद शकील अहमद, मोहसिन सईद, मोहम्मद इलियास, सैयद गफरान अशरफी, कैसर आलम, मो अमान मौजूद थे।

# बंग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ निकाला गया आक्रोश मार्च

**मेट्रो रेज**



**रांचीः** जिले के हरमू महावीर मंडल बाल्मीकि समिति के तत्वावधान में बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध में आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च पटेल चौक महावीर मंदिर से शुरू होकर हरमू चौक तक निकाला गया। इस अवसर पर सनातनी हिन्दुओं ने मुखर होकर विरोध जताया। वहीं हिंदू एकता जिंदाबाद,बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार करना बंद करो, बांग्लादेश होश में आओ, भारत माता की जय , वंदे मातरम जैसे नारे लगाए गए। साथ हीं हरमू चौक पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर बाल्मीकि समिति के अध्यक्ष गोविंद वाल्मीकि ने कहा कि हिन्दुओं पर जुल्म बंद होनी चाहिए वर्तमान में बंग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो जुल्म किए गए और उन्हें वहां से भगाने की सजिश की जा रही है इसे माफ नहीं किया जाएगा केन्द्र सरकार को सकरात्मक कार्रवाई करते हुए हिन्दू समाज पर हो रहे जुल्म के खिलाफ उनकी सुरक्षा के लिए आगे आना होगा। राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार को देखकर वेदना होती है इससे हम आक्रोशित हैं। हिंदू समाज वसुदेव कुटुंबकम में विश्वास करने वाला संप्रदाय है। हम सभी अहिंसा के पुजारी हैं। परंतु जब हमें कोई उकसाएगा तो हम इसका माकूल जवाब देने के लिए सक्षम हैं। हम बांग्लादेशी कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं पर किया जा रहा को कुकृत्य को पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। और केंद्र की मोदी सरकार से बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा की मांग करते हैं। और केंद्र सरकार से यह कहना चाहते हैं कि जिस तरह से पाकिस्तान को ठंडा करने के लिए एयर स्ट्राइक किया गया था, ठीक उसी तरह से बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा प्रदान करते हुए, बांग्लादेशी कट्टरपंथियों के ऊपर एयर स्ट्राइक कर सबक सिखाने की जरूरत है। साथ हीं श्री सिंह ने कहा कि इस मामले में संयुक्त राष्ट्र संघ को हिंदुओं की सुरक्षा प्रदान करने के लिए आगे बढ़कर पहल करने की जरूरत है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख प्रिंस अजमानी ने कहा कि जिस बंगलादेशियों को सुरक्षित करने और बंग्ला देश के निर्माण में भारत ने जो कदम उठाए थे उसे सारी दुनिया ने देखा था उसी बंग्ला देश में हिन्दुओं पर अत्याचार किया जा रहा है, मोदी सरकार जल्द ही इस बाबत कड़े कदम तो उठाएगी ही, पर अब समय आ गया है कि हम बांग्लादेश में बने सामग्रियों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करें , भाजपा नेता इंद्रजीत यादव ने कहा कि भारत में रह रहे बांग्लादेशी शरणार्थी को सरकार कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें पुनः बांग्लादेश भेजने का कार्य करें वरना हिंदू समाज इस कार्य को करने पर विवश हो जाएगा उन्होंने लोगों को समझाया कि हमें एकजुटता दिखानी होगी हम एक हैं तो सेफ हैं जुलूस में समिति के संरक्षक भगत वाल्मीकि सुनील कुमार सिंह, के साथ आशीष कुमार, अभय सिंह, प्रियांशु वाल्मीकि, रवि गोंड, दुलारी देवी, लक्ष्मी देवी, पूजा कुमारी, प्रेमलता वाल्मीकि, नवीन वाल्मीकि, प्रमोद सिंह, सुभाष चौधरी, मुरारी प्रसाद, प्रिंस कुमार, गोपाल राठौर, हिमांशु शर्मा , प्रथम शर्मा ,अमन कुमार शिव वाल्मीकि सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**

**अति अल्पकालिन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई० निविदा संख्या MID/GUMLA/ F1-48/2024-25(3rd Call) दिनांक – 13.12.2024**

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला ।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 16.12.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.12.2024 (अपराह्न 06:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 26.12.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | मद | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Rennovation of Anganwadi Centre Loramba, Construction of 258 Feet RCC Drain & Laying of Paver Block in Field near Anganwadi, Vill-Loramba, Panchayat-Chhichuaani, Block-Chainpur, District-Gumla | Untied Fund | 1071800.00 | 21500.00 | 2500.00 | 03 माह |

नोट:–
(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जबाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी ।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी ।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होगें ।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला।

PR 342032 Minor Irrigation(24-25)D

# भगवान काल भैरव के इन फेमस मंदिरों में आप भी कर आएं दर्शन, कष्टों से मिलेगी मुक्ति



भगवान भोलेनाथ के अनेक रूप हैं, उन्हीं में से भगवान शिव का एक स्वरूप काल भैरव का है। इन्हें भगवान शिव का उग्र स्वरूप माना जाता है। बता दें कि भैरव का अर्थ भय को हरने वाला होता है। उनका यह स्वरूप काल का स्वामी और सदैव रौद्र रूप में होता है। शिव पुराण के अनुसार, ब्रह्मा, विष्णु और शिव में श्रेष्ठता को लेकर हुए विवाद के बाद काल भैरव की उत्पत्ति हुई थी। इसके साथ ही काल भैरव को दंड का पाणी भी कहा जाता है। क्योंकि वह पापियों को दंड देते हैं। धार्मिक मान्यता है कि भगवान काल भैरव ने एक बार ब्रह्म देव के पांचवे सिर को काट दिया था। जिसकी वजह से उन पर ब्रह्म हत्या का दोष लग गया था। इस दोष से मुक्ति पाने के लिए काल भैरव ने त्रिलोक में भ्रमण किया और जब वह काशी पहुंचे तब जाकर वह पाप मुक्त हुए। काल भैरव की पूजा न सिर्फ भारत बल्कि नेपाल, श्रीलंका और तिब्बत जैसे कई देशों में होती है। ऐसे में अगर आप भी भगवान काल भैरव की पूजा करना चाहते हैं, उनकी कृपा और आशीर्वाद पाना चाहते हैं, तो देश के सबसे फेमस और प्राचीन मंदिरों में दर्शन के लिए जा सकते हैं।

**काल भैरव मंदिर, उज्जैन :** मध्यप्रदेश के उज्जैन में भगवान शिव का प्राचीन और फेमस ज्योतिर्लिंग है। इस ज्योतिर्लिंग का नाम महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग है। इस जगह पर भगवान शिव काल भैरव स्वरूप भी विराजते हैं। उज्जैन में स्थित काल भैरव मंदिर को राजा भद्रसेन ने शिप्रा नदी के किनारे बनवाया था। यह अष्ट भैरव में यह प्रमुख काल भैरव मंदिर है। काल भैरव 'काशी का कोतवाल' भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि काल भैरव की अनुमति के बिना कोई भी काशी में प्रवेश नहीं कर सकता है। इसलिए काशी विश्वनाथ के दर्शन से पहले भक्त काल भैरव के मंदिर में दर्शन के लिए जाते हैं और काशी के कोतवाल से अनुमति लेते हैं।

**आनंद भैरव मंदिर :** आनंद भैरव मंदिर हरिद्वार में स्थित है। इस मंदिर को लेकर कई मान्यताएं हैं। धार्मिक मान्यता है कि आनंद भैरव मंदिर हरिद्वार के कोतवाल हैं। यहां श्रद्धालु अपनी परेशानियां बताते हैं और भगवान आनंद भैरव अपने भक्तों की सभी बाधाओं को दूर करते हैं। कहा जाता है कि यह मंदिर अनादि काल से हैं। इस मंदिर में स्थापित शिवलिंग स्वयंभू का है। आनंद भैरव, भगवान शिव का सबसे आनंदमयी रूप है।

**बाजनामठ भैरव मंदिर, जबलपुर :** मध्यप्रदेश के जबलपुर में बाजना मठ मंदिर के पास महाकाल भैरव का मंदिर है। यहां पर होने वाले हवन की अग्नि में कई देवी-देवताओं की आकृति दिखती है। यह मंदिर तंत्र साधना के लिए भी जाना जाता है। बताया जाता है कि रानी दुर्गावती द्वारा गोंडवाना काल के दौरान मंदिर में प्रतिमा की स्थापना की गई थी। इस मंदिर के पुजारी के मुताबिक मंदिर परिसर में महाकाल भैरव के हवन के समय जिस भी देवता के नाम की यज्ञकुंड में आहुति दी जाती है, अग्नि में उस देवता की आकृति उबरती है। धार्मिक मान्यता है कि इस मंदिर 24 घंटे में महाकाल भैरव 52 बार रूप बदलते हैं।

**राजा बटुक भैरव :** बता दें कि लखनऊ के कैसरबाग में राजा बटुक भैरव मंदिर स्थित है। बताया जाता है कि इस मंदिर का इतिहास सैकड़ों साल पुराना है और इनको सुरों का राजा भी कहा जाता है। बताया जाता है कि यहां पर मांगने वाली मन्नत भी संगीत, साधना और कला से जुड़ी होती है। बटुक बाबा भगवान शिव के 5वें अवतार माने जाते हैं और यह मंदिर कला साधना का वर्षों पुराना केंद्र है।

## रोजाना डाइट में शामिल करे ड्राई फ्रूट्स
# चेहरा दिखेगा जवान

बड़े-बुजुर्गों ने हमेशा कहते रहते हैं कि मेवा सेवा करना काफी जरुरी है। लेकिन आजकल के लोग तो हेल्दी ड्राई फ्रूट्स का सेवन करना पसंद ही नहीं करते। अगर आप अपनी जीवनशैली को बेहतर करना चाहते हैं,तो आज ही से बादाम को अपनी डाइट में शामिल कर लें। इसके सेवन से बॉडी हेल्दी और मजबूत बनती है। वहीं, बादाम खाने से स्किन ग्लोइंग बनती है। रोजाना बादाम खाने से चेहरे की झुर्रियां और फाइन लाइन्स सब गायब हो जाएगी। बादाम न्यूट्रिशन का खजाना है। आइए आपको बताते हैं बादाम का सेवन स्किन को जवान रखने में कैसे मददगार है।



### स्किन को जवान रखता है बादाम

बादाम टेस्टी और गुणों से भरपूर ड्राई फ्रूट है। इसमें कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बादाम शरीर और त्वचा को पोषण देने में मदद करता है और उम्र के लक्षणों को धीमा करने मदद करता है। गौरतलब है कि बादाम में प्रोटीन, विटामिन सी, बी 6, मैग्नीशियम, आयरन और पोटैशियम जैसे ढेरों पोषक तत्व पाए जाते हैं।

### बादाम खाने से झुर्रियां गायब होती है

इसमें हेल्दी फैट होता है जो त्वचा को नमी प्रदान करता है। बादाम खाने से त्वचा की इलास्टिसिटी अच्छी रहती है और झुर्रियों को भी कम करता है।

### अध्ययन में पता चला है बादाम स्किन को बेहतर बनाता है

दरअसल, दुनियाभर के अलग-अलग शोधो में पाया गया है कि बादाम के सेवन से तरीकों से झुर्रियों को कम करने और त्वचा को बेहतर बनाने में मदद करता है। बादाम में विटामिन ई होता है, जो एक एंटीऑक्सीडेंट है जो त्वचा को प्रदूषण और हानिकारक फ्री रैडिकल्स से बचाता है। वहीं, फ्री रैडिकल्स शरीर में कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी और उम्र को तेजी से बढ़ाने का कराण बनते हैं। बादाम में पाए जाने वाला विटामिन ई कोलेजन के उत्पादन को बढाता है, जो उम्र के लक्षणों को कम करता है।

# करी पत्ता का करें सेवन बीमारियों के लिए रामबाण है

करी पत्ता भोजन में स्वाद बढ़ाने के साथ ही हेल्दी भी होता है। करी पत्ता में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को कई बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। करी पत्ता कब्ज, डायबिटीज और कॉलेस्ट्रोल जैसी तकलीफों में कारगर साबित होता है। डॉक्टर का बताते हैं कि, निगेटिव इफेक्ट की चिंता किए बिना इन पत्तों का सेवन किया जा सकता है। आइए जानते हैं करी पत्ता का सेवन करने के उपाय।

### कब्ज में फायदेमंद

करी पत्ता का सेवन करने से कब्ज में बेहद फायदेमंद होता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, यह पत्ते डायजेस्टिव एंजाइम्स रिलीज कर सकते हैं, करी पत्ता खाने से कब्ज नहीं होता और खाना भी अच्छे से पचता है।

### ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता

करी पत्ता के सेवन करने से डायबिटीज रोगियों को ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है। एक्सपर्ट ने दावा किया है कि इसके सेवन से ब्लड शुगर स्तर कम होने लगता है।

### बालों के लिए भी हेल्दी

करी पत्ता पोषक तत्वों का खजाना है। करी पत्ते में विटामिन, फॉसफोरस और आयरन होने चलते इसे बालों के लिए भी सूटेबल बताया गया है। एक्सपर्ट ने बताया है कि करी पत्तों में रिच प्रोटीन और बीटा-कैरोटीन कंटेंट होता है। इससे बालों की सेहत बेहतर होती है और बाल गिरते भी कम है।

**डिस्क्लेमर:** इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।



# जड़ी-बूटियों से बना घोल लगाने से 6 महीने तक काले रहेंगे बाल

हम में से कई लोग सफेद बालों की समस्या से परेशान रहते हैं। सफेद बालों की समस्या से निजात पाने के लिए डाई या फिर केमिकल वाली मेहंदी का इस्तेमाल करते हैं। आजकल बालों का सफेद होना आम समस्या है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि आप सफेद बालों पर केमिकल घिस-घिसकर इन्हें बेजान कर दें। बालों की हेल्थ को बनाए रखने के लिए आप घरेलू नुस्खे भी आजमा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको अपनाने से आपके सफेद बाल नेचुरली काले हो जाएंगे और इसका असर 6 महीने तक बना रहेगा।

### एक्सपर्ट से जानिए कमाल का नुस्खा

एक्सपर्ट के मुताबिक इस नुस्खे को अपनाने से 6 महीने तक आपके बाल नेचुरल काले रहेंगे। वहीं ये मेहंदी आपके बालों पर 6 महीने तक टिकी रहेगी। तो आइए जानते हैं कि बालों को काला करने वाले इस घोल को तैयार करने के लिए क्या-क्या सामग्री चाहिए होगी।

### इन चीजों की होगी जरूरत

- चाय पत्ती- 2 चम्मच
- मेहंदी पाउडर- 100 ग्राम
- खाने वाला चूना- 1/4 चम्मच
- मुर्दा सिंगी- 1/4 चम्मच
- सरसों का तेल- जरूरत अनुसार?

**नोट :** मुर्दा सिंगी आपको पंसारी की दुकान में आसानी से मिल जाएगा।

### ऐसे तैयार करें लेप

- एक बाउल में 2 चम्मच पिसी हुई चायपत्ती लें और इसमें खाने वाला चूना, मुर्दा सिंगी और 100 ग्राम मेहंदी पाउडर मिलाएं।
- अब इसे अच्छे से मिक्स कर लें और घोल बनाने लायक जरूरत के मुताबिक सरसों का तेल मिलाएं।
- यह घोल ज्यादा गाढ़ा या ज्यादा गीला नहीं होना चाहिए। वरना यह बालों पर अधिक देर तक टिक नहीं पाएगा या फिर बालों में चिपक जाएगा।
- इसको लगाने के 20 मिनट बाद बाल धो लें।
- इस नुस्खे का इस्तेमाल करने से आप पाएंगे कि आपका एक-एक बाल काला हो गया है और यह बालों को भी हेल्दी बनाता है।

### डाई भी होगी फेल

- एक्सपर्ट की मानें, तो इस नुस्खे का इस्तेमाल करने के बाद आप मार्केट में मिलने वाली केमिकल वाली मेहंदी को भूल जाएंगे। आप देखेंगे कि इसका इस्तेमाल करने से आपके बालों में नेचुरल शाइन आएगी।

### जानिए क्या होती है मुर्दा सिंगी

- बता दें कि मुर्दा सिंघी पत्थर की तरह दिखने वाली जड़ी-बूटी है। जो ब्यूटी के लिए इस्तेमाल की जाती है और यह बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। मुर्दा सिंघी में मौजूद प्राकृतिक मिनरल्स बालों के पोषण की कमी को दूर कर उन्हें मजबूती देते हैं। साथ ही यह एक्ने, डार्क स्पॉट, पिंपल्स, एक्जिमा और सूजन जैसी कई त्वचा संबंधी समस्या को ठीक करने के लिए भी किया जाता है।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# वंचित लोगों को सशक्त बनाना सरकार की पहली प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

## राज्य की आधी आबादी को हमारी सरकार ने सशक्त करने का काम किया है

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व विधायक कल्पना सोरेन सिदो-कान्हू मुर्मू पार्क भोगनाडीह, बरहेट में अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, चांद- भैरव और वीरांगना फूलो- झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने साहिबगंज एवं पाकुड़ जिला को बड़ी सौगात दी। विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया तथा लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। इस के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के आदिवासी- मूलवासी किसान,मजदूर, गरीब और वंचित लोगों को सशक्त बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। राज्य की आधी आबादी को हमारी सरकार ने सशक्त करने का काम किया है। अब राज्य के हर पात्र गरीब जरूरतमंद महिलाओं के खाते में प्रति माह 2500 रुपए की सम्मान राशि पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने



कहा कि महिलाओं को दी जाने वाली सम्मान राशि को हमारी सरकार ने 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 2500 रुपए करने का काम किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने आज साहेबगंज जिला अंतर्गत बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ सरकार के दोबारा गठन के बाद आज मैं आप सबके बीच आया हूँ। आप ने इस चुनाव में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं अबुआ सरकार को चुनने का कार्य किया। इसके प्रति मैं आप सभी के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। झारखंड राज्य खनिज संपदा से संपन्न होने के बावजूद भी यहां के आदिवासी-मूलवासी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहा। हमारी सरकार की गठन के बाद से ही हम लगातार प्रदेश वासियों के हितों की रक्षा के साथ-साथ जनकल्याण के कार्य कर रहे हैं, इसी क्रम में हमारी सरकार ने कई महत्वकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ किया है। एक-एक लोगों तक सरकार के विभिन्न योजनाओं को पहुंचाया

- गरीब -जरूरतमंद महिलाओं के खाते में प्रति माह 2500 रुपए की सम्मान राशि पहुंचेगी
- मुख्यमंत्री ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जा रहा है। अधिक से अधिक राज्यवासी योजनाओं से लाभान्वित हो इसी उद्देश्य के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार गाँव से चलने वाली सरकार है। यहां के गरीब, मजदूर एवं वंचित वर्ग के लोगों के जरूरत के अनुरूप विकास की लकीर खींची जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आप सभी के उम्मीद, आकांक्षा और को टूटने नहीं दूंगा। हमारी सरकार विकास की नई गाथा लिखकर इस राज्य को अग्रणी राज्यों के श्रेणी में लाकर खड़ा करेगी। मुख्यमंत्री ने



कहा कि मैं ईश्वर से यह कामना करता हूं कि आने वाला नववर्ष प्रत्येक राज्य वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, उन्नति, वैभव एवं खुशहाली लेकर आए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साहेबगंज जिले को लगभग 24784.550 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी । जिसमें कुल 224 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें 53 योजनाओं का उद्घाटन एवं 171 योजनाओं का शिलान्यास हुआ। वहीं पाकुड़ जिला को लगभग 10084.879 लाख रूपए की विभिन्न योजनाओं की सौगात दी । जिसमें कुल 107 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जिसमें 34 योजनाओं का उद्घाटन एवं 73 योजनाओं की आधारशिला रखी। मौके पर विधायक हेमलाल मुर्मू, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मो ताजुद्दीन, विधायक धनंजय सोरेन, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, संथाल परगना प्रमंडल के आयुक्त लालचंद डाडेल, जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

न्यूज IN ब्रीफ

### झारखंड सरकार के मंत्री संजय यादव ने बासुकीनाथ में सपरिवार की पूजा



**दुमका:** झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सह राजद के प्रदेश प्रधानमहासचिव संजय प्रसाद यादव शनिवार को बाबा फौजदारी नाथ के दरबार बासुकीनाथ में सपरिवार पूजा अर्चना किए। इसके पूर्व उन्होंने देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम में मत्था टेक कर सपरिवार पूजा कर झारखंड राज्य की खुशहाली की कामना किया। मंत्री के साथ राष्ट्रीय जनता दल के विधायक दल के नेता देवघर विधायक सुरेश पासवान सहित सैकड़ों समर्थक साथ चल रहे थे। श्री यादव दर्जनों गाड़ियों के काफिके के साथ बासुकीनाथ धाम पहुंचे थे। जरमुंडी पहुँचने पर जगह जगह पर राजद कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जोशीले अंदाज में भव्य स्वागत किया। उनकी एक झलक पाने के लिए और सेल्फी लेने की होड़ लगी हुई थी। मंत्री श्री यादव ने कहा कि सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने जो दायित्व उनको दिया है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा। अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिले यह हमारी प्राथमिकता होगी। राज्य का विकास केवल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में ही संभव है। इस सरकार में गरीब, गुरबे के साथ अगड़ी और पिछड़ी जाति के लोगों को सामाजिक न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के नेता डॉ.अमरेन्द्र कुमार यादव, राजद जिलाध्यक्ष प्रमोद पंडित, प्रदेश सचिव जयकांत जायसवाल, प्रमुख मरीक सहित भारी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

## कोडरमा व्यवहार न्यायालय में 7196 वादों का निष्पादन, 10 करोड़ से अधिक की वसूली

**कोडरमा।** व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में आठ बेंचों के माध्यम से कुल 7196 वादों का निष्पादन किया गया। इसमें लंबित वादों की संख्या 1425 तथा प्री-लिटिगेशन के 5771 मामले (बैंक ऋण व अन्य) शामिल हैं। साथ ही विभिन्न विभागों से कुल 10 करोड़ 95 लाख 62 हजार 875 रुपये राजस्व की वसूली की गई। मौके पर प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि लोक अदालत शीघ्र, सस्ता, एवं सुलभ न्याय पाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढती जा रही है। वादों के निष्पादन के दृष्टिकोण से कोडरमा का ग्राफ काफी ऊंचा है। इसके लिए सभी न्यायिक पदाधिकारी बधाई के पात्र है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है। राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह को कोडरमा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों, पैनल अधिवक्ता, मध्यस्थ एवं पारा लीगल वोलेनटियर सहित अन्य स्टेक होल्डर ने यू ट्यूब के लिंक के माध्यम से जुड़कर ऑनलाइन अवलोकन किया। प्रधान जिला जज बालकृष्ण तिवारी ने सभी बेंचों का निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए। इस मौके पर मुंसिफ मिथिलेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, ज्योत्सना पाण्डेय, नमिता मिंज, एलडीएम निवास कुमार, स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक वन विभाग, उत्पाद विभाग, विद्युत विभाग के पदाधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी कर्मचारी, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, राजीव कुमार, अजीत कुमार, विकाश कुमार, रविन्द्र कुमार, अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, अनील कुमार सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, महेश्वर कुमार, दीपक कुमार, राजेंद्र कुमार, प्रियंका कुमारी, रवि कुमार, अभिमन्यु कुमार, सहित भारी संख्या में अधिवक्ता न्यायालयकर्मी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि व पक्षकार गण मौजूद थे।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खराब नलों की करायी मरम्मत

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर अंतर्गत वार्ड संख्या 03 के हरिजनपाड़ा में लोग विगत कई महीनों से पानी की समस्या से जूझ रहे थे। जिसकी शिकायत लेकर कुछ दिनों पूर्व वार्डवासी कांग्रेस प्रखंड महासचिव निताय सरकार से मिले। मिलने उपरांत प्रखण्ड महासचिव ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार को ज्ञापन सौंपा था। कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार ने त्वरित कार्यवाही करते



हुए नल रिपेयरिंग से संबंधित लोगों की एक टीम बना कर हरिजनपाड़ा भेज कर स्थल का जायजा करवाते हुए सभी जगहों में सामग्री उपलब्ध कराया उसके बाद शनिवार को सभी नलों को दुरुस्त कर दिया गया। इस कार्य के लिए हरिजनपाड़ा के सभी लोगों ने प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार सहित कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार को तहे दिल से धन्यवाद किया। वही निताय सरकार ने वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नगर पंचायत में जो भी कार्य तुरंत हो रहे हैं। उन सभी कार्यो के त्वरित कार्रवाई के लिए हमारे विधायिका निसात आलम को धन्यवाद। मौके पर नल मिस्त्री समाउल सेख,राजू रविदास,बिक्रम रविदास,मो.आफताब,पंचू रविदास सहित अन्य वार्ड के लोग मौजूद थे।

जिला समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त ने कहा-

## सभी विभाग प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों का करें चयन



मेट्रो रेज

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों तक पहुंचाने हेतु सभी विभागों के अधिकारियों को उपायुक्त ने कई आवश्यक निदेश दिए। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण),अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर अभियान,जेएसएलपीएस के तहत बैंक लिंकेज, मुद्रा लोन, दीदी की दुकान, वन धन योजना,उद्योग विभाग द्वारा संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना, पंचायती राज के तहत 15वीं वित्त आयोग योजनाओं की स्थिति,पशुपालन एवं गव्य विकास,कृषि विभाग के तहत झारखंड कृषि ऋण माफी योजना,बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता, केसीसी, पीएम किसान योजना,आपूर्ति विभाग द्वारा खाद्यान उठाव एवं वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना,सामाजिक सुरक्षा के तहत संचालित योजनाएं, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों का चयन करते हुए उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य करें। जानकारी दी गयी कि अबुआ आवास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 20188 लक्ष्य के विरुद्ध 19607 लाभुकों को पंजीकृत किया गया है। 15498 लाभुकों का आवास स्वीकृत कर दिया गया है। जानकारी दिया गया कि वर्ष 2024-25 रबी मौसम में बिरसा फसल विस्तार योजना अन्तर्गत 100 प्रतिशत अनुदान पर प्रत्यक्षण हेतु बीज प्राप्ति एवं वितरण का कार्य प्रगति पर है।सभी प्रखंडों का बीज उपलब्ध करा दी गयी है।

उपायुक्त ने कहा कि केसीसी के तहत अधिक से अधिक किसानों को ऋण उपलब्ध कराया जाय।वैसे आवेदन जो बैंक स्तर पर लंबित हैं उन पर विशेष ध्यान दिया जाय।पीएम किसान योजना के शत प्रतिशत लाभुकों का ई केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।जानकारी दी गयी कि लगभग 85 प्रतिशत लाभुकों का ई केवाईसी किया जा चुका है।

आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि शत प्रतिशत लाभुकों का आधार सेटिंग सुनिश्चित किया जाए। राशन का उठाव एवं वितरण हर माह किया जाए ताकि लाभुकों को समय से राशन निर्धारित मात्रा में मिल सके।जानकारी दी गयी कि डाकिया योजना के तहत आच्छादित आदिम जनजातीय परिवार को 35 किलोग्राम प्रति परिवार राशन उपलब्ध कराया जा रहा है।वर्तमान में 8997 आच्छादित आदिम जनजातीय परिवार के 32581 सदस्य इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 37000 लक्ष्य के विरुद्ध 37686 लाभुको इस योजना से आच्छादित किया गया है।जानकारी दी गयी कि झारखंड मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत जिले में 270495 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि वैसे विद्यालय जहां शौचालय बिजली कनेक्शन एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है उसे चिन्हित करते हुए अविलंब रिपोर्ट समर्पित करें ताकि उक्त व्यवस्था जल्द से जल्द संबंधित विद्यालय में सुनिश्चित हो सके। इस दौरान उन्होंने प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की एवं निदेश दिया कि सभी योग्य लाभुकों को छात्रवृत्ति योजना की राशि ससमय मिले इसे सुनिश्चित करें।इस दौरान उन्होंने साईकल वितरण योजना की भी समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने अन्य विभागों के योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निदेश दिए।

## नगर परिषद् दुमका व नगर पंचायत बासुकीनाथ में होगा पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग का सर्वेक्षण

मेट्रो रेज

**दुमका :** पिछड़ा वर्ग के लिए राज्य आयोग के निदेशानुसार नगर परिषद् दुमका एवं नगर पंचायत बासुकीनाथ में पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग का सर्वेक्षण कराया जाना है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी।

बैठक में जानकारी दी गयी कि पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण हेतु अनुश्रवण समिति का गठन किया जा चुका है। बीएलओ/आंगनबाड़ी सेविका द्वारा घर-घर जाकर इसका सर्वेक्षण किया जाएगा।सूचना प्राप्त कर वे निर्धारित प्रपत्र में जानकारी





उपलब्ध कराएंगे।जिसका प्रकाशन 7 दिनों तक नगर परिषद् कार्यालय दुमका एवं नगर पंचायत कार्यालय बासुकीनाथ के नोटिस बोर्ड के साथ साथ वेबसाइट पर भी प्रकाशित किया जाएगा। 7 दिनों तक दावा/आपत्ति उक्त सूचना पर की जा सकती है।अपर समाहर्ता दुमका शिकायत पदाधिकारी के रूप में होंगे।अपर समाहर्ता के कार्यालय में दावा/आपत्ति किया जा सकेगा।

दावा/आपत्ति के निराकरण के पश्चात नगर परिषद एवं नगर पंचायत के पदाधिकारियो द्वारा पपत्र 2 एवं 3 बनाया जाएगा एवं नगर परिषद् एवं नगर पंचायत के अन्य पदाधिकारी के द्वारा प्रपत्र 4 एवं 5 को बनाया जाएगा।सभी प्रपत्र जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा पिछड़ा वर्ग के लिए राज्य आयोग झारखंड सरकार को भेज दिया जाएगा। इस संबंध में 17-12-2024 को मध्यान 12:00 बजे से प्रशिक्षण पिछड़ा वर्ग के लिए राज्य आयोग द्वारा दिया जाएगा।

## मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का विधायक ने किया उद्घाटन

**साहिबगंज:** शहर के साक्षरता मोड़ के निकट रमैया केयर फाउंडेशन ए मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन शनिवार की शाम बरहेट विधायक प्रतिनिधि सह झामुमो केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा व झारखंड सरकार में श्रम नियोजन विभाग के मंत्री सह गोड्डा से राजद विधायक संजय यादव की धर्म पत्नी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। उधर रमैया केयर मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल के



प्रोपराइटर संगम सौरभ ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्सर देखा जाता है कि गंभीर रोगों से ग्रसित लोगों को सही समय पर समुचित इलाज नहीं हो पाने की स्थिति में भागलपुर या मालदा लेकर जाना पड़ता था। जहां इसी सोच के साथ शहर में एक ही जगह मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में गायनोकोलॉजी नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ फिजिशियन जेनरल सर्जरी ऑथोर्पेडिक्स ट्रामा, कार्डियोलॉजी,न्यूरोलॉजी सहित कई तरह की सुविधा उपलब्ध रहेगी। वही यहां मरीजों को सातों दिन चौबीस घंटे चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध रहेगी जहां कई विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवा देंगे।मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,प्रदेश महासचिव मुन्ना यादव दिनेश यादव,संजय यादव जगत किशोर पटेल,विमल यादव राजेश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

साल के अंतिम लोक अदालत का आयोजन

## लोक अदालत के माध्यम से मामलों के निष्पादन से राहत : अखिल

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** नालसा के आदेशानुसार झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में इस वर्ष कि अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका ऑनलाइन उद्घाटन न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद जज झारखण्ड हाई कोर्ट -सह-कार्यकारी अध्यक्ष झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने किया।

जिसका सीधा प्रसारण साहिबगंज व्यवहार न्यायालय स्थित लोक अदालत कक्ष में





स्क्रीन पर उपस्थित लोगों ने देखा। उद्घाटन के उपरान्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार ने कहा कि लोक अदालत लम्बे समय से चले आ रहे मामलों को निपटाने का कानूनी विकल्प है। बल्कि यह ऐसी एक दिवसीय अदालत है। जिसमें वादों का त्वरित निपटारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निष्पादन होने से आमजनों को काफी राहत मिलती है। आमजनों एवं पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का निष्पादन करवाने के लिए बधाई दी और कहा कि समय-समय पर किये जा रहे इस प्रकार के आयोजनों में शरीक होकर अपने मामलों को निष्पादित कराएं। उन्होंने सभी विभाग के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में सहयोग करने की अपील की। राष्ट्रीय लोक अदालत में साहिबगंज न्यायमंडल और राजमहल अनुमंडलीय न्याय मंडल में कुल 6191मामलों का निपटारा कर के 2,98 51 866 रूपए का समझौता राशी प्राप्ति हुई। लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय श्री संजय कुमार उपाध्याय, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम धीरज कुमार, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय शेखर कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत, सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी राजेश श्रीवास्तव, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी, लोक अभियोजक आनंद चौबे व उनके अधीनस्थ, मुख्य लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविन्द गोयल और उनकी टीम अधिवक्तागण प्रशासनिक पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण ,बैंक कर्मी, पारा विधिक स्वयं सेवक एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी सहित वादकारीगण उपस्थित थे।

# 'साको 363' का टीजर रिलीज

## फिल्म में दिखाया गया बिश्नोई समाज का पर्यावरण प्रेम

**राजस्थान** के बिश्नोई समाज की बहादुर महिला अमृता बिश्नोई के संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान की सच्ची घटना पर आधारित फिल्म 'साको 363' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। रामरतन बिश्नोई और विक्रम बिश्नोई के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अमृता बिश्नोई का मुख्य किरदार खूबसूरत एक्ट्रेस स्नेहा उलाल ने निभाया है। इस फिल्म से स्नेहा उल्लाल लंबे समय के बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी भी कर रही हैं।फिल्म निमार्ताओं ने राजस्थान के नागौर जिले में एक बड़े समारोह में बिश्नोई समाज के लोगों को यह टीजर दिखाया गया। इस भावुक पल में बिश्नोई समाज के लोगों ने अपने पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान की कहानी देखी और उनको याद किया। 1 मिनट 30 सेकंड के टीजर की शुरूआत में ही बताया गया है कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। पर्यावरण, वृक्षों और जीव जंतुओं की रक्षा को अपना धर्म समझने वाले बिश्नोई समाज ने पेड़ों को काटने से बचाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था, जिसका नेतृत्व बिश्नोई समाज की बहादुर स्त्री अमृता बिश्नोई ने किया था। टीजर में स्नेहा उल्लाल, अमृता बिश्नोई के किरदार में सशक्त और ओजस्वी दिख रही हैं। टीजर के अंत में महिलाओं और बच्चों की रोंगटे खड़े कर देने वाली चीख पुकार काफी मार्मिक और असहनीय है।



इस अवसर पर रामरतन बिश्नोई और विक्रम विश्नोई ने कहा कि पर्यावरण के प्रति बिश्नोई समाज के बलिदान की यह कहानी फि ल्म के माध्यम से एक बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचेगी। यह अत्यंत महत्वपूर्ण घटना है, जो कम ही लोगों को पता है। इस फिल्म के माध्यम से पूरी दुनिया को पता चलेगा कि किस तरह करीब 300 वर्ष पहले हमारे समाज की एक वीरांगना ने वृक्षों की रक्षा के लिए अपना सर कटा दिया था। इस फिल्म के माध्यम से नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों के पर्यावरण प्रेमी होने, उनके सर्वोच्च बलिदान के बारे में और अपने इतिहास के बारे में पता चलेगा। बिश्नोई समुदाय के 363 पर्यावरण प्रेमी इस फि ल्म के प्रोड्यूसर हैं। मुकाम पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी रामानंदजी महाराज, रामरतन बिश्नोई, रामलाल भादू और विक्रम बिश्नोई प्रमुख निमार्ता हैं।

श्री जम्भेश्वर पर्यावरण एवं जीवरक्षा प्रदेश संस्था के बैनर तले निर्मित फि ल्म साको 363 के निमार्ता रामरतन बिश्नोई और विक्रम विश्नोई हैं और क्रिएटिव डायरेक्टर मनोज सती हैं। फि ल्म में केंद्रीय भूमिका में स्नेहा उलाल के साथ गेवी चहल, मिलिंद गुणाजी, फि रोज ईरानी, ब्रिज गोपाल, राजेश सिंह, शाजी चौधरी, साहिल कोहली, नटवर पराशर, बृजगोपाल गरिमा अग्रवाल, विमल उनियाल संजय गड़ई, तनुज भट्ट, अनामिका शुक्ला, बी.के सागर व्यास, नटवर पाराशर ब्यावर, श्यामसुंदर, कमल अवस्थी, अजय गहलोत, सूर्यवीर सिंह, सूरज बिश्नोई प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 28 फरवरी को देश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## 'करिश्मा का करिश्मा' फेम एक्ट्रेस झनक शुक्ला ने रचाई शादी

लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक है 'करिश्मा का करिश्मा' से लोकप्रियता हासिल करने वाली झनक शुक्ला शादी के बंधन में बंध गई हैं। उनकी शादी स्वप्निल सूर्यवंशी से हुई है। झनक 90 के दशक में अपनी क्यूटनेस के लिए लड़कों के बीच काफी लोकप्रिय थीं। इसके अलावा उन्होंने 'कल हो ना हो' और हॉलीवुड फिल्म 'वन नाइट विद द किंग' में भी काम किया।

झनक ने अपनी शादी की कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। झनक ने लाल रंग की साड़ी पहनी हुई है। स्वप्निल ने आइवरी शेरवानी पहनी हुई है। झनक ने अपने लुक को सिंपल रखा है। जब झनक 15 साल की थीं, तब उन्होंने लाइमलाइट से दूर रहने का फैसला किया। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि 'करिश्मा का करिश्मा' की सफलता के बाद उन्होंने 'कल हो ना हो' और 'वन नाइट विद द किंग' में काम किया।

दरअसल, उन्होंने अपने करियर से ज्यादा अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता देने का फैसला किया। अपनी आगे की पढ़ाई के दौरान उन्हें अपना प्यार भी मिल गया। हालांकि, उनका बचपन से अभिनेत्री बनने का सपना था, लेकिन बड़े होने के बाद उन्होंने इंडस्ट्री में न आने का फैसला किया। अब झनक ने साबुन बनाने का बिजनेस शुरू किया है।

## बॉक्स ऑफिस पर 'पुष्पा 2' का जलवा बरकरार, हो रही है तगड़ी कमाई

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। फिल्म को रिलीज हुए नौ दिन हो गए हैं और अब तक फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब इस फिल्म की नौवें दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के बाद दूसरे शुक्रवार को देशभर में लगभग 36.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इस फिल्म का देशभर में कुल कलेक्शन 762.1 करोड़ रुपये हो गया है। फिल्म का पहले हफ्ते का प्रदर्शन दमदार रहा है। फिल्म ने एक हफ्ते में 725.8 करोड़ रुपये की कमाई की। इसमें 10.65 करोड़ रुपये का प्रीमियर और 164.25 करोड़ रुपये का पहले दिन का कलेक्शन शामिल है। फिल्म ने पहले शुक्रवार को 93.8 करोड़ रुपये की कमाई की। तीसरे दिन शनिवार को 119.25 करोड़ रुपये और रविवार को 141.05 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। फिल्म ने सोमवार को 64.45 करोड़ रुपये, मंगलवार को 51.55 करोड़ रुपये, बुधवार को 43.35 करोड़ रुपये और गुरुवार को 37.35 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म ने शुक्रवार को 36.3 करोड़ की कमाई की, जिससे गुरुवार के मुकाबले कमाई में गिरावट देखी गई। 'पुष्पा 2' दुनिया भर में सबसे तेजी से 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म



बनी है। 'पुष्पा 2' अब 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। अल्लू अर्जुन की फिल्म और प्रभास और दीपिका पादुकोण की 'कल्कि 2898 एडी' इस साल की दो ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने इस साल बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। इस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर स्त्री 2 जिसने दुनियाभर में 874.58 करोड़ रुपये की कमाई की।

## जेल से घर लौटने के बाद अल्लू अर्जुन का परिवार हुआ भावुक, वीडियो वायरल

**अल्लू अर्जुन** जेल से रिहा हो गए हैं। हैदराबाद की चंचलगुड़ा सेंट्रल जेल में एक रात बिताने के बाद अल्लू अर्जुन आज सुबह घर पहुंचे। इस वक्त उनके घर के बाहर फैंस की भारी भीड़ जमा हो गई थी। जैसे ही एक्टर घर पहुंचे तो उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी ने उन्हें रोते हुए गले लगा लिया। पति अल्लू अर्जुल को देखकर स्नेहा काफी भावुक हो गईं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि स्नेहा रेड्डी दौड़कर अल्लू अर्जुन के पास जाती हैं और उन्हें गले लगाकर रोने लगती हैं। स्नेहा के साथ उनकी एक छोटी बेटी भी है। अल्लू अर्जुन और स्नेहा रेड्डी का यह वीडियो खूब वायरल हो रहा है। जब अल्लू अर्जुन अपनी चिंतित पत्नी को मुस्कुराने की कोशिश कर रहे थे



तभी पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने आ गई और आज जब वह घर आए तो स्नेहा अपनी बेटी के साथ उनसे मिलने आईं और फूट-फूटकर रोने लगीं।

अल्लू अर्जुन ने जेल से बाहर आने के बाद कहा, 'जो हुआ उसके लिए हमें भी खेद है।' उन्होंने कहा कि मैं प्यार और समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद देता हूं। मैं अपने सभी प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। कोई गम नहीं। मैं ठीक हूं, मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं और जांच में पूरा सहयोग करूंगा। जो घटना घटी वो बहुत दुर्भाग्यपूर्ण थी और मैं एक बार फिर अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

चार दिसंबर को फिल्म पुष्पा 2ः द रूल के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में मची भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी और उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में उनके परिवार ने शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार को इस मामले में अभिनेता अल्लू अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मेडिकल जांच के बाद उन्हें नामपल्ली कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। फिर एक्टर ने तेलंगाना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इस पर सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अल्लू अर्जुन को अंतरिम जमानत दे दी। इसके बाद आज (शनिवार) अल्लू अर्जुन को चंचलगुडा जेल से रिहा कर दिया गया और वह घर लौट आए।

## रामायण : रणबीर कपूर बने 'राम', सनी देओल निभाएंगे 'हनुमान' का किरदार

रणबीर कपूर, जिन्होंने फिल्म एनिमल के साथ दर्शकों का दिल जीता था, अब लंबे समय बाद बड़े पर्दे पर धमाकेदार वापसी के लिए तैयार हैं। हालांकि 2025 में उनकी कोई फिल्म रिलीज नहीं होगी, लेकिन 2026 में वह दो बहुप्रतीक्षित फिल्मों का हिस्सा होंगे। इनमें संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर और नितेश तिवारी की रामायण का पहला भाग शामिल है। नितेश तिवारी की रामायण को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। हाल ही में फिल्म के किरदारों के बारे में कुछ बड़े खुलासे हुए हैं। आइए जानते हैं कि इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में कौन-कौन से अभिनेता कौन-कौन से किरदार निभाएंगे।

**रणबीर कपूर-राम और परशुराम**

रणबीर कपूर फिल्म में भगवान राम का किरदार निभाएंगे। इसके साथ ही वह परशुराम के रूप में डबल रोल करते नजर आएंगे। रामायण की कहानी में परशुराम का किरदार छोटा है, लेकिन बहुत महत्वपूर्ण है। मेकर्स इस भूमिका को खास तरीके से फिल्माने की तैयारी कर रहे हैं। रणबीर के गेटअप पर खास काम किया जा रहा है ताकि परशुराम के रूप में वह पूरी तरह अलग दिखें।

**यश-रावण**

केजीएफ फेम यश फिल्म में लंकेश रावण के रूप में नजर आएंगे। पहले खबरें थीं कि यश केवल फिल्म को प्रोड्यूस करेंगे, लेकिन अब उन्होंने खुद कंफर्म किया है कि वह रावण का किरदार निभा रहे हैं। रणबीर और यश के बीच फिल्म में जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी।

**साई पल्लवी – सीता**

साई पल्लवी को मां सीता के



किरदार के लिए चुना गया है। पहले इस भूमिका के लिए आलिया भट्ट का नाम चर्चा में था, लेकिन अब साई पल्लवी का नाम फाइनल हो चुका है। हालांकि, कुछ पुराने बयानों को लेकर साई पल्लवी को ट्रोल भी किया गया था।

**सनी देओल –हनुमान**

सनी देओल फिल्म में हनुमान का किरदार निभाएंगे। हाल ही में उन्होंने इस भूमिका को लेकर पुष्टि की है। ऐसी भी खबरें हैं कि मेकर्स हनुमान के किरदार को लेकर एक अलग फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं।

**अमिताभ बच्चन-जटायु (आवाज)**

अमिताभ बच्चन फिल्म में जटायु के किरदार को अपनी आवाज देंगे। यह किरदार श्क्र की मदद से पर्दे पर दिखाया जाएगा।

**रवि दुबे –लक्ष्मण**

लक्ष्मण के किरदार के लिए टीवी अभिनेता रवि दुबे को फाइनल किया गया है। उन्होंने खुद इस खबर की पुष्टि की है।

**अरुण गोविल –दशरथ**

टेलीविजन पर राम के रूप में लोकप्रिय अरुण गोविल फिल्म में राजा दशरथ की भूमिका में नजर आएंगे।

**लारा दत्ता – कैकेयी**

लारा दत्ता को कैकेयी के किरदार में देखा जाएगा। हाल ही में उनके सेट से कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं, जिनमें उनका लुक काफी प्रभावशाली नजर आया।

**बॉबी देओल-कुंभकर्ण (संभावित)**

बॉबी देओल को लेकर खबरें हैं कि वह कुंभकर्ण की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, इस बारे में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिल्म का भव्य सेट और श्क्र तकनीक इसे एक शानदार सिनेमाई अनुभव बनाने के लिए तैयार है। 2026 में रिलीज होने वाली यह फिल्म दर्शकों के लिए एक ऐतिहासिक और विजुअल ट्रीट होगी।

## फीफा ने की घोषणा : 2034 फीफा विश्व कप की मेजबानी करेगा सऊदी अरब



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** फुटबॉल की वैश्विक संस्था फीफा ने घोषणा की कि 2034 पुरुष फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी सऊदी अरब करेगा। वहीं, 2030 फीफा विश्व कप का आयोजन स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में होगा। यह निर्णय फीफा के अध्यक्ष गियानी इनफैनटिनो ने साझा किया।

गियानी इनफैनटिनो ने कहा, 'हम फुटबॉल को अधिक से अधिक देशों में ले जा रहे हैं। टीमों की संख्या में वृद्धि से खेल की गुणवत्ता प्रभावित नहीं हुई, बल्कि अवसरों में बढ़ोतरी हुई है।'

सऊदी अधिकारियों और फीफा ने कहा कि 2034 विश्व कप की मेजबानी से सऊदी अरब में सामाजिक बदलाव आने की संभावना है, जिसमें महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता का विस्तार भी शामिल है।

फीफा ने इससे पहले घोषणा की थी कि 2027 में महिला फुटबॉल विश्व कप का आयोजन ब्राजील में 24 जून से 25 जुलाई के बीच होगा। यह पहला मौका होगा जब दक्षिण अमेरिका में यह प्रतिष्ठित टूनामेंट आयोजित किया जाएगा। इस टूनामेंट में 32 टीमें हिस्सा लेंगी। वर्तमान चैंपियन स्पेन ने 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त मेजबानी में खेले गए महिला विश्व कप का खिताब जीता था। फीफा अगले साल ब्राजील में होने वाले टूनामेंट के लिए मेजबान शहरों और स्टेडियमों की घोषणा करेगा। कुल 12 स्टेडियम ने मेजबानी में रुचि दिखाई है, जिनमें 2014 के पुरुष विश्व कप के मैचों की मेजबानी करने वाले स्टेडियम भी शामिल हैं।

सऊदी अरब के 2034 विश्व कप की मेजबानी के फैसले ने देश को वैश्विक फुटबॉल के केंद्र में ला दिया है। यह आयोजन न केवल खेल के लिहाज से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी ऐतिहासिक माना जा रहा है।

# गॉल्फग्रीन : बहनोई ने साली की हत्या कर शव के तीन टुकड़े किए

## प्रेम प्रस्ताव ठुकराने और फोन ब्लॉक करने से नाराज था आरोपित

एजेंसी

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के गॉल्फग्रीन इलाके में एक महिला की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। शुक्रवार सुबह इलाके में कचरे के ढेर से महिला का कटा हुआ सिर मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार को मुख्य आरोपित और मृतका के बहनोई आतिउर लस्कर को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपित ने साली को प्रेम प्रस्ताव ठुकराने और फोन पर ब्लॉक करने से




नाराज होकर इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान खतीजा बीबी के रूप में हुई है, जो दक्षिण 24 परगना की निवासी थी। वह गॉल्फग्रीन इलाके में घरेलू कामगार के रूप में काम करती थी और रोज सुबह बस से कोलकाता आती थी तथा शाम को लौट जाती थी। खतीजा का अपने पति से तलाक हो चुका था और वह अपने बच्चों के साथ अकेली रहती थी। उसकी बड़ी बहन और बहनोई भी उसी इलाके में रहते थे।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित आतिउर, जो पेशे से पेंटिंग करता है, खतीजा को पसंद करने लगा था। उसने कई बार खतीजा को प्रेम प्रस्ताव दिया, जिसे खतीजा ने ठुकरा दिया। इसके बाद खतीजा ने आरोपित को फोन पर ब्लॉक कर दिया, जिससे नाराज होकर उसने इस हत्या की साजिश रची।

गुरुवार को खतीजा और आतिउर रोज की तरह एक साथ कोलकाता आए। दिनभर अपने-अपने काम करने के बाद आतिउर ने खतीजा को रात में साथ खाने का प्रस्ताव दिया। इसी दौरान दोनों के बीच फोन ब्लॉक करने को लेकर बहस हुई। आरोपित ने पहले खतीजा को धक्का देकर गिरा दिया, जिससे वह घायल हो गई। इसके बाद उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और धारदार हथियार से शव के तीन टुकड़े कर दिए। इन टुकड़ों को उसने प्लास्टिक की थैली में डालकर गॉल्फग्रीन इलाके में फेंक दिया।

शुक्रवार सुबह खतीजा का कटा हुआ सिर मिलने के बाद पुलिस ने इलाके में उसकी तस्वीर दिखाकर पूछताछ शुरू की। कुछ लोगों ने मृतका की पहचान की और बताया कि वह अक्सर एक व्यक्ति के साथ देखी जाती थी। इस सुराग के आधार पर पुलिस ने आरोपित आतिउर लस्कर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।

कोलकाता पुलिस की डीसी (साउथ सबर्बन) विदिशा कलिता दासगुप्ता ने कहा कि मृतका की पहचान के लिए उसकी तस्वीर लोगों को दिखाई गई। दुकानदारों ने महिला को पहचानते हुए जानकारी दी कि वह अक्सर एक व्यक्ति के साथ रहती थी। इसी जानकारी के आधार पर आरोपित को पकड़ा गया। हालांकि, हत्या में इस्तेमाल हथियार अभी बरामद नहीं हुआ है। आरोपित के बयान में कुछ असंगतियां हैं, जिनकी जांच जारी है।

पुलिस अब हत्या में इस्तेमाल हथियार की तलाश कर रही है और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

## एनआईए व एटीएस से मुफ्ती खालिद को छुड़ाने वाले बलवाइयों पर कसा शिकंजा

- एक गिरफ्तार, आधा दर्जन हिरासत में, 111 बलवाइयों पर पुलिस ने दर्ज किया है गंभीर धाराओं में मुकदमा

एजेंसी

**झांसी ।** बीते रोज विदेशों से ऑनलाइन फंडिंग और ऑनलाइन क्लासेस चलाने के मामले में एनआईए और एटीएस की टीम ने कोतवाली क्षेत्र स्थित सुपर कॉलोनी निवासी मुफ्ती को पूछताछ कर हिरासत में लिया था। इस दौरान वहां जुटी भीड़ पुलिस बल, एनआईए और एटीएस के साथ अभद्रता, धक्का-मुक्की कर मुफ्ती को हिरासत से छुड़ा ले गई थी। इस घटना में पुलिस ने 11 लोगों को नामजद करते हुए एक सौ अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मुकदमे में पुलिस ने आज एक नामजद आरोपित परवेज को गिरफ्तार कर लिया है। परवेज की गिरफ्तारी के बाद बलवा और अभद्रता करने वाले अन्य आरोपित फरार हैं।

इधर, पुलिस ने आरोपितों की सरगर्मी से तलाश शुरू करते हुए जीवन शाह तिराहे के पास से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गौरतलब है कि देर रात एसएसपी सुधा सिंह ने बयान जारी करते हुए कहा था कि मुफ्ती प्रकरण में हंगामा, बलवा करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सभी को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं, बीते रोज एसएसपी सुधा सिंह ने मुफ्ती खालिद के घर का जायजा लिया था, हालांकि उसके घर पर ताला लगा था। एसएसपी ने उस फातिमा मस्जिद का जायजा भी लिया था जहां मुफ्ती को भीड़ छुड़ाने के बाद छुपाने ले गई थी।

## प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प की प्राप्ति के लिए नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।
एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, 'देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनके स्मारक पर शत-शत नमन। 'उनका व्यक्तित्व और कृतित्व राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए देशवासियों की प्रेरणाशक्ति बनी रहेगी।'

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस को सौंपा प्रेसिडेंट कलर अवार्ड



एजेंसी

**रायपुर।** राष्ट्रपति पुलिस निशान अलंकरण समारोह-2024 में शामिल होने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार सुबह राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड पहुँचे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप-मुख्यमंत्री अरुण साव एवं उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित है। 24 वर्षों के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को गृह मंत्री शाह ने राष्ट्रपति पुलिस कलर अवार्ड सौंपा। सशस्त्र बलों और पुलिस संगठनों को उनकी विशिष्ट सेवाओं और अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा के लिए मिलने वाला ह्यराष्ट्रपति का निशान (प्रेसिडेंट्स कलर) देश का सर्वोच्च सम्मान है।

## नेपाल-भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तरीय वार्ता 9-10 जनवरी को काठमांडू में

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल और भारत के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की वार्षिक बैठक काठमांडू में होने जा रही है। नेपाल-भारत व्यापार और परिवहन अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) के नाम से होने वाली यह वार्षिक बैठक 9 और 10 जनवरी को होना तय हुआ है।

नेपाल के वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने बताया कि दोनों देशों के बीच वाणिज्य सचिव स्तर की आईजीसी बैठक पिछली बार दिल्ली में होने के कारण इस बार काठमांडू में होना तय हुआ है।

इस समय वाणिज्य मंत्रालय भारत के साथ वार्ता के लिए एजेंडा का मसौदा तैयार कर रहा है। मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक, संबंधित सभी पक्षों से चर्चा के बाद मसौदा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में दोनों देशों के बीच वार्ता के एजेंडे के शुरूआती



मसौदे का आदान-प्रदान किया जाएगा।

मंत्रालय के प्रवक्ता अधिकारी ने बताया कि आईजीसी की बैठक में मुख्य रूप से व्यापार, परिवहन और निवेश पर केंद्रित एजेंडे पर चर्चा होगी। नेपाल के तरफ से वाणिज्यिक संधि में संशोधन पर जोर दिया जा रहा है। इसी तरह, पारगमन संधि के प्रोटोकॉल में अधिक स्पष्टता और संशोधन का एजेंडा भी समावेश किए जाने की जानकारी प्रवक्ता ने दी है।

नेपाल अपने यहां से भारत में होने वाले वस्तुओं के निर्यात को सुविधाजनक बनाने, व्यापार घाटे को कम करने, गुणवत्ता परीक्षण की सुविधा और नेपाल में भारतीय निवेश बढ़ाने के एजेंडे को भी शामिल कर रहा है। प्रवक्ता बाबूराम अधिकारी ने कहा कि आईजीसी बैठक के लिए हमारे ज्यादातर एजेंडे पुराने हैं। उन्होंने कहा, "व्यापार और पारगमन समझौतों और प्रोटोकॉल की समीक्षा करना हमारा नियमित एजेंडा है तथा निर्यात और निवेश भी प्रमुख एजेंडा है। भारतीय पक्ष का एजेंडा आदान प्रदान होने के बाद दोनों पक्षों में सहमति है पर अंतिम एजेंडा तय किया जाएगा।

निजी क्षेत्र की ओर से, नेपाल-भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स (निक्की) ने भी अपने तरफ से आगामी आईजीसी बैठक में उठाए जाने वाले एजेंडे को लेकर अपना सुझाव दिया है। इस संस्था के अध्यक्ष सुनील के सी ने बताया कि सभी निजी क्षेत्रों के साथ परामर्श करने के बाद आए सुझावों को समेटते हुए मंत्रालय को अपनी मांगों को लेकर अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा कि नेपाल भारत के बीच व्यापार सुविधा, लागत में कमी, समान व्यवहार, हरित व्यापार और अन्य व्यापार सहित परिवहन समझौतों पर जोर देने तथा मौजूदा मार्गों को बदलने, रेलवे को जोड़ने और निर्यात के लिए जलमार्गों का उपयोग करने का सुझाव दिया गया है।

## पांडुआ में सहकारी समिति के चुनाव में वामपंथियों की बंपर जीत

एजेंसी

**हुगली।** हुगली जिले के पांडुआ में इटाचुना मंदारन सहकारी कृषि विकास समिति लिमिटेड का चुनाव वाम समर्थित उम्मीदवारों ने जीत लिया है। इस सहकारी समिति में कुल बारह सीटें हैं। इनमें एक सीट पर लेफ्ट उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध जीत चुके थे। शनिवार को शेष सभी 11 सीटों पर तृणमूल और माकपा ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। हालांकि, राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा यहां अपना उम्मीदवार नहीं उतार सकी थी। शनिवार को सुबह नौ बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम तीन बजे समाप्त हो गया। वोटों की गिनती के बाद पता चला कि 'पश्चिम बंगाल समवाय बचाओ मंच' के सदस्यों ने 11 सीटों पर जीत हासिल की है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी। हालांकि मतदान से समय माहौल तनावपूर्ण था। लेकिन पुलिस का भी पर्याप्त बंदोबस्त किया गया था। नतीजे घोषित होते ही वाम समर्थित उम्मीदवार खुशी से झूम उठे। माकपा हुगली जिला सचिव सभा के सदस्य और पांडुआ के पूर्व विधायक अमजद हुसैन ने कहा कि मंदारान में सहकारी चुनावों में पश्चिम बंगाल समवय बचाओ मंच की ओर से कुल बारह सीटों पर चुनाव लड़ा गया था। हम 12 सीटों पर जीते। तृणमूल एक भी सीट नहीं जीत सकी। भाजपा उम्मीदवार नहीं दे पाई। यह जीत जनता की जीत है। मैं इस क्षेत्र की लोकतंत्र प्रेमी जनता को धन्यवाद देता हूं। अगर चुनाव निष्पक्ष हुए तो आने वाले दिनों में वामपंथी उम्मीदवार इसी तरह जीतेंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य में एक के बाद एक चुनावों में वामपंथी दलों को हार मिली है। विधानसभा या लोकसभा चुनाव में वे एक भी सीट नहीं जीत सके थे। इस सहकारी चुनाव में राजनीतिक हलकों को लगता है कि सभी बारह सीटें जीतने से उन्हें थोड़ी ऑक्सीजन मिलेगी।

## सेवा भारती ने 25 विभूतियों को सेवा सम्मान से किया सम्मानित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि सेवाभारती समाज में उपेक्षित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के जिस कार्य में लगी है उससे निःसंदेह भारत को पुनः विश्वगुरू बनने और समावेशी भारत बनाने में सहयोग प्राप्त होगा।

डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित सेवा सम्मान कार्यक्रम में शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। जय भारत मारुति लि. (जेबीएम) के



सीएमडी सुरेन्द्र आर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकारों के साथ राष्ट्र के जागृत लोगों को भी समाज के समावेशी विकास में कार्य करना पड़ेगा। एकात्म मानवतावाद एवं अंत्योत्य के जिन विचारों के साथ सेवा भारती के कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं वो निसंदेह सराहनीय है। राजनाथ सिंह ने सभी सम्मान प्राप्त विभूतियों को बधाई दी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार ने कहा कि सेवा ही वो कार्य है जिससे समाज में असमानता की खाई को कम किया जा सकता है। आलोक कुमार जी शनिवार को नई दिल्ली में सेवा भारती द्वारा आयोजित सेवा सम्मान 2024 कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

आलोक कुमार ने कहा कि सेवा ही वो कार्य है जिससे समाज में असमानता की खाई को कम किया जा सकता है। ये एक ईश्वरीय कार्य है जिसमें समाज के हर वर्ग को जुड़ना चाहिए। सेवा भारती को अगले वर्ष 4 गुना ज्यादा लोगों को सेवा सम्मान देना चाहिए, ताकि सेवाभावियों का उत्साह कई गुणा बढ़ जाए।

उन्होंने कहा कि पुराणों में कहा गया है कि परोपकार करना पुण्य है और दूसरों को परेशान करना पाप है। जो लोग किसी चीज से वंचित हैं, उसे प्राप्त करवाना पुण्य का काम है। सेवा भारती का मानना है कि व्यक्तिगत स्तर पर सेवा की जानी चा?हिए और इसमें समरसता का भाव होना चाहिए। सेवा भारती द्वारा सेवा सम्मान के माध्यम से ऐसे महानुभावों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाता है जो समाज सेवा को अपने जीवन का ध्येय बना चुके है। इस वर्ष 10 श्रेणियों में 25 लोगों को सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

जिन विभूतियों को सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया उनमें बद्री भगत झण्डेवाला टेम्पल सोसाइटी एवं स्व. सुभाष गुप्ता (मरणोपरांत) को सेवा रत्न से सम्मानित किया गया। यशपाल गुप्ता, वेद कुमार वढ़ेरा, तुषार गुप्ता, सरदार हरमनजीत सिंह, अजय गुप्ता, पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड, सत्यभूषण जैन, डॉ. संजय सचदेवा, भाऊराव देवरस सेवा न्यास, साहिल मेंदीरत्ता, सान्या मेंदीरत्ता, संजय दत्ता, सीमा गुप्ता, सौरभ गर्ग, जादूगर सम्राट शंकर, बजरंग लाल अग्रवाल, गोपाल वर्मा, राकेश गुप्ता, संजीव मोंघा, सुभाष चंदर अग्रवाल, अंजू जैन, अलका बैगानी तथा सरदार नरेन्द्र सिंह चहल को सेवा भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

## न्यूज IN ब्रीफ

### कुलपी में युवक की पीट पीट कर हत्या

**कोलकाता।** दक्षिण 24 परगना जिले के कुलपी में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय एक क्लब का सदस्य बनाने को लेकर युवक के साथ कुछ लोगों का विवाद हुआ था। आरोप है कि शनिवार शाम घर लौटते समय कुछ लोगों ने युवक और उसके साथी की घेरकर पिटाई कर डाली। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल लेकर जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना में घायल एक अन्य व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत युवक का नाम कुणाल आढ्य (21) था। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, दक्षिण 24 परगना के कुलपी थाने के रामकिशोर ग्राम पंचायत के कालीताला इलाके में कुछ युवक क्लब हाउस बनाने के लिए ईंटें समेत विभिन्न निर्माण सामग्री एकत्र कर रहे थे। शनिवार शाम की दोपहर तक उनमें आपस में झगड़ा हो गया। क्लब में किसे प्रवेश दिया जाएगा, इसे लेकर अशांति शुरू हो गई। इसके बाद कथित तौर पर युवक की लाठियों से पिटाई कर दी गई। मंदिर बाजार डीएसपी सुबीर कुमार बाग ने बताया कि हंगामा कुणाल आद्य नामक युवक को क्लब का सदस्य बनाये जाने को लेकर शुरू हुआ। कुणाल जब दलुईपाड़ा से होकर लौट रहे थे तो कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और उन पर हमला कर दिया। युवक को डंडे से पीटा गया। गंभीर चोटों के कारण अस्पताल ले जाने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में कुछ युवकों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### हेरोइन के साथ पति पत्नी गिरफ्तार

**जम्मू ।** जिला पुलिस जम्मू ने मादक पदार्थों की तस्करी और मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए दो कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान राहुल सिंह जम्वाल पुत्र स्वर्गीय रोमेश सिंह जम्वाल निवासी रामा छन्नी व शगुन चंदेल उर्फ ??तन्नू जम्वाल पत्नी राहुल सिंह जम्वाल निवासी रामा छन्नी के रूप में हुई है। इनके कब्जे से गश्त के दौरान 28 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन छन्नी हिम्मत में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21/22 के तहत एफआईआर संख्या 171/2024 दर्ज की गई है। गिरफ्तार व्यक्तियों के और संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। ऑपरेशन को एसडीपीओ सिटी ईस्ट श्री शीजान भट्ट (जेकेपीएस) और एसपी साउथ श्री अजय शर्मा (जेकेपीएस) की देखरेख में एसएचओ छन्नी हिम्मत इंस्पेक्टर शारिक भट्ट द्वारा सावधानीपूर्वक निष्पादित किया गया।

### अरनिया सेक्टर में नशीले पदार्थों सहित ड्रोन बरामद



**जम्मू।** बीएसएफ ने अरनिया सेक्टर में नशीले पदार्थों सहित पाक ड्रोन को अपने कब्जे में लिया है। बीएसएफ ने एक प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया की बीती रात लगभग 2010 बजे जम्मू के अरनिया सेक्टर में तैनात बीएसएफ जम्मू के सतर्क सैनिकों द्वारा एक तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया गया जिसमें बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका और 495 ग्राम नशीले पदार्थ सहित पाक ड्रोन को जब्त कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफकर्मियों के अथक समर्पण और तीखी निगरानी ने एक बार फिर राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक मंसूबों को हरा दिया है जिससे राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई है।

### देर रात छत्तीसगढ़ पहुंचे केन्द्रीय गृह मंत्री शाह, मुख्यमंत्री साय ने किया स्वागत

**रायपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज रविवार से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। गृह मंत्री शाह शनिवार आधी रात को छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। वे आज रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रपति ध्वज अलंकरण समारोह में शामिल होंगे। समारोह के मुख्य अतिथि शाह छत्तीसगढ़ पुलिस को राष्ट्रपति ध्वज सौंपेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दोपहर 02:30 बजे बस्तर पहुंचेंगे। जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शनी खेल मैदान में बस्तर ओलंपिक समापन समारोह में अमित शाह मुख्य अतिथि हैं। इस दौरान अमित शाह बस्तर के खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। इसके बाद गृहमंत्री शाह 04:45 बजे जगदलपुर के सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां केंद्रीय गृहमंत्री हथियार छोड़ मुख्यधारा में शामिल हुए नक्सलियों से मुलाकात करेंगे।

### वनरक्षक भर्ती परीक्षा में युवक की मौत मुख्यमंत्री ने 10 लाख की आर्थिक सहायता

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में वनरक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान एक युवक की मौत हो गई। यह घटना परिवार के लिए वज्रपात से कम नहीं है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देर रात सोशल मीडिया पर ट्वीट किया कि वनरक्षक भर्ती परीक्षा में फिजिकल टेस्ट के दौरान कोरबा में युवक सुख सिंह की असामयिक मृत्यु अत्यंत दुःखद है। उल्लेखनीय है कि सुखसिंह कंवर, जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम बाना परसाही का निवासी था, वह 30 वर्षीय था। मृतक सुखसिंह कोरबा के प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में चल रही वनरक्षक की भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने शनिवार की सुबह आया था। शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान दौड़ लगाते वक्त सुखसिंह चक्कर खाकर गिर पड़ा और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हार्ट अटैक से मौत होना माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए 10 लाख की आर्थिक सहायता राशि दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि संकट की इस घड़ी में हमारी सरकार मृतक के परिजनो के साथ है। राज्य सरकार की ओर से उनके परिवार को दस लाख की सहायता राशि प्रदान की जा रही है और आगे भी हमारी सरकार हर संभव मदद के लिए तत्पर है।

### पुलिस मुठभेड़ में चोरी की योजना बनाते तीन शातिर चोर गिरफ्तार,एक को लगी गोली

**जौनपुर ।** जलालपुर व नेवढ़िया की संयुक्त पुलिस टीम के साथ शनिवार देर रात हुई मुठभेड़ में 3 अन्तर्जनपदीय चोर गिरफ्तार कर लिए। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक अभियुक्त राजू बनवासी पुत्र कन्हई बनवासी घायल हुआ है। अभियुक्तों के कब्जे से देशी तमंचा 315 बोर कारतूस व विभिन्न चोरी के अपराधों से प्राप्त नगद तीस हजार रुपए व चोरी करने के उपकरण और मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### राजधानी रांची में कन्या पाठशाला की छात्राओं से छेड़खानी शर्मनाक

**रांची:** राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले छात्राओ के साथ छेड़खानी की घटना ने पूरे राज्य को झकझोर दिया है। लोगों का मानना है कि ऐसे मनचले युवकों को पुलिस प्रशासन का जरा भी भय नहीं है। इसी के फलस्वरूप शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्राओं की मनोदशा की हालात कितनी भयभीत करने वाली है। यही नहीं इस घटना से उनके माता-पिता पर क्या बितेगी और उनकी मनोदशा कैसे होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। जब राजधानी में हालात ऐसी होगी तो अन्य स्थलों पर क्या स्थिति हो सकती है। हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए तत्क्षण कार्रवाई की दिशा में की गयी पहल से लोगों के मन में विश्वास जागा है। अन्यथा छात्राओं के माता-पिता इस घटना के पश्चात से काफी भयभीत और सशंकित भी हैं। लोगों का कहना है कि इससे पहले जब राँची के वरीय पुलिस अधीक्षक के रूप में सुरेन्द्र कुमार झा पदस्थापित थे उस वक्त रांची में ऐसी घटना देखने की बात तो दूर ऐसी घटना कभी सुनने को भी नहीं मिला। पुलिस प्रशासन की दबिश का ही यह परिणाम था कि बेहतर विधि व्यवस्था और महिला, बच्ची और जिलावासी स्वयं को काफी सुरक्षित और बेहतर पाते थे। हालांकि इस घटना में लिप्त व्यक्ति की पहचान कर ली गयी है और वो जहां का निवासी है उसकी भी शिनाख्त हो गयी है । इसके बारे में सूचना देने वालों को ईनाम देने की घोषणा भी हुई है और जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखने की बात कही गई है।

### प्रखंड के विकास योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न



**मांडर:** प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाए एक्का की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारियों और पंचायत समिति सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) मनोरंजन कुमार, अंचलाधिकारी (सीओ) चंचला कुमारी, उप प्रमुख अमानत अंसारी, और पंचायती राज पदाधिकारी सीता राम साहू समेत सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा और आने वाली योजनाओं की रूपरेखा तैयार करना था। सभी विभागों के कार्यों का विस्तृत विश्लेषण किया गया और जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया गया।

प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाए एक्का ने अधिकारियों से क्षेत्र में विकास योजनाओं को समय पर पूरा करने और आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की अपील की। बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं और सुझावों को प्रस्तुत किया, जिन पर अधिकारियों ने आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। इस बैठक ने प्रखंड के विकास में गति लाने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

### वाहन प्रदूषण केन्द्र का संचालन व अद्यतन अनिवार्यः डीटीओ



**बोकारो :** जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने पत्र के माध्यम से जिले के सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को जिला अन्तर्गत अधिष्ठापित पेट्रोल पम्प केअनुज्ञप्ति का नवीकरण आगामी दिनांक 31 दिसंबर, 2024 तक अगले एक वर्ष के लिये नियमानुसार करने का निर्देश जारी किया है। इसके साथ ही अनुज्ञप्ति नवीकरण हेतु अपने प्रतिष्ठान में संचालित वाहन प्रदूषण केन्द का संचालन एवं अद्यतन होना अनिवार्य है। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने जिला अन्तर्गत संचालित सभी पेट्रोल पम्प स्वामियों को निर्देश दिया है कि सभी आवश्यक दस्तावेजो के साथ निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपने पेट्रोल पम्प का अनुज्ञप्ति नवीकरण करा लें. अन्यथा जाँच के कम में त्रुटि पाये जाने पर नियमानुसार आपके विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

### निर्यात को बढ़ावा देने के लिए जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक सम्पन्न



**बोकारो :** अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्यात संवर्धन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्यात संवर्धन समिति एक ऐसा समूह होता है जो किसी विशेष जिले के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। जब ऐसी समिति की बैठक होती है, तो इसका मतलब है कि उस जिले के निर्यात को बढ़ाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है।मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र राजेंद्र प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित है। स्थानीय उत्पादकों को आने वाली कठिनाइयों, बाजार में प्रतिस्पर्धा, और निर्यात नीतियों में आने वाली समस्याओं पर बात की गई। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नई रणनीतियाँ बनाई गई हैं, जैसे कि नए बाजारों की खोज, उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, और निर्यात प्रक्रिया को आसान बनाना। केंद्र और राज्य सरकारों की निर्यात को बढ़ावा देने वाली नीतियों और योजनाओं की समीक्षा की गई है और इनका लाभ कैसे उठाया जाए, इस पर भी चर्चा गई। स्थानीय उद्योगपतियों और निर्यातकों की समस्याओं को सुना और उनके सुझावों को ध्यान में रखा गया। बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया बोकारो के प्रतिनिधि, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड बोकारो के प्रतिनिधि, निर्देशक सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम संस्थान भारत सरकार के प्रतिनिधि, अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री बोकारो के प्रतिनिधि, महाप्रबंधक बोकारो स्टील प्लांट के प्रतिनिधि सहित विभिन्न इंडस्ट्री के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

### कुदाडीह ग्राम में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में डीसी व एसपी ने की शिरकत

# खिलाड़ियों का जमकर किया उत्साहवर्धन, उनके खेल को सराहा

बिनय मिश्रा



**बन्दगांव प्रखण्ड के हॉकी खिलाड़ियों की संख्या काफी प्रसन्नता का विषय भी है और इस क्षेत्र के खिलाड़ी अपने खेल से लोगों को मंत्रमुग्ध भी किया करते हैं।**

**चाईबासा:** पश्चिम सिंहभूम जिले के अति सुदूर और नक्सल प्रभावित प्रखण्ड के रूप में पहचाने जाने वाले बन्दगांव प्रखण्ड में विकास और आम लोगों के साथ जिला प्रशासन के सहज व्यवहार से ग्रामीण काफी खुश और प्रसन्न हैं। इसकी प्रमुख वजह यह है कि जिले के सर्वोच्च पदाधिकारी उपायुक्त कुलदीप चौधरी तथा पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बन्दगांव थाना क्षेत्र के कुदाडीह ग्राम में हॉकी खेल प्रतियोगिता के आयोजन में न सिर्फ शिरकत बल्कि खिलाड़ियों का जमकर उत्साहवर्धन भी किया और उनके खेल को प्रोत्साहित भी किया। बन्दगांव प्रखण्ड के हॉकी खिलाड़ियों की संख्या काफी प्रसन्नता का विषय भी है और इस क्षेत्र के खिलाड़ी अपने खेल से लोगों को मंत्रमुग्ध भी किया करते हैं। आज इस खेलकूद प्रतियोगिता में डीसी, एसपी के अलावा अभियान अपर पुलिस अधीक्षक पारस राणा, अनुमण्डल पदाधिकारी श्रुती राजलक्ष्मी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी नलिन मराण्डी, सार्जेन्ट मेजर मंसु गोप, बन्दगांव के बीडीओ, सीओ के अलावे बन्दगांव थाना प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल के अलावा अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित थें। वहीं ग्रामीणों के बीच बिस्कुट और चॉकलेट का वितरित किया गया।

### धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न

## धान अपने नजदीकी पैक्स में जाकर ही बेचें: सहकारिता पदाधिकारी

मेट्रो रेज



**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया की अध्यक्षता में जिले के सभी बीटीएम / एटीएम/कृषक मित्र / प्रगतिशील किसान के साथ धान अधिप्राप्ति से संबंधित समीक्षा बैठक जिला कृषि कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी, बोकारो मो० शाहिद भी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी कर्मियों को सूचित किया गया कि 15 दिसंबर से जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य प्रारंभ हो रहा है। सभी को निर्देश दिया गया कि सभी कृषक जो अपना धान बेचना चाहते है, उन्हें जागरूक करें कि वे अपना धान अपने नजदीकी पैक्स में ही जाकर इसका विक्रय करें। किसी भी परिस्थिति में बिचौलिया अथवा कम मूल्य पर राज्य के बाहर से आने वाले व्यापारी को कम दाम पर इसका विक्रय नहीं करें। सरकार द्वारा प्रति क्विंटल 2400 रू० की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है, जिस दर पर धान की खरीद की जाएगी। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया ने सभी कर्मियों को ई-उर्पाजन पर निबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई एवं निबंधन फार्म उपलब्ध कराते हुए निदेश दिया गया कि किसानों से यह फार्म भरवाकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से संबंधित अंचल कार्यालय में इसे जमा करेंगे। जहाँ से सत्यापन के पश्चात जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा इसकी इन्ट्री ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जाएगा। जिला कृषि पदाधिकारी, बोकारो सह-परियोजना निदेशक आत्मा मो० शाहिद ने आश्वस्त किया कि कृषि विभाग के सभी कर्मी धान अधिप्राप्ति योजना को सफल करने में अपना पुरा योगदान देंगे। बैठक के दौरान राणा रमेश कुमार सिंह, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, चास एवं कसमार, कृषि विभाग के कर्मी मोतीलाल रजक एवं जिले के सभी बीटीएम/एटीएम/कृषक मित्र/प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी ने जारी किये निर्देश

**बोकारो :** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सडक दुर्घटनाओं में वृद्धि के विश्लेषण से पाया गया कि तीन पहिया वाहन या चार पहिया वाहन जिसमें चालक तरफ से चढ़ना उत्तरना भी एक मुख्य कारण है। सडक दुर्घटना में वृद्धि को राकने के दृष्टिकोण से जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने निम्नांकित निदेश दिये हैं। तीन पहिया या चार पहिया वाहन जिसमें चालक जिस तरफ (दाहिनें तरफ) खुला है। उसमे रड या जाली लगाकर कवर करें ताकि दाहिने तरफ से कोई भी सवारी चढ़े उतरे नहीं। सभी व्यवसायिक वाहन स्वामी अपने-अपने वाहन में अन्दर भाग में वाहन संख्या, अपना मो० न० एवं पत्ता अंकित कर ऐसे जगह प्रदर्शित करेगें जहाँ सवारी को स्पष्ट दिखयी दे। वाहन चालक अनुपयुक्त तरीके से या लंबी अवधि के लिए या अच्छी तरह से प्रकाशित सड़कों पर उच्च बीम का उपयोग नहीं करेगा। वाहन चालक आनेवाले वाहन के निकट पहुंचने पर या जब किसी यान के पीछे बहुत निकट वाहन बलाते समय उच्च बीम को नीचे कर देगा। चालक को हरे/फॉग लाइट केवल तब जलाएगा जब कोहरे, धूल, तूफान, बारिश या बर्फ गिरने के कारण दृष्यता बहुत ज्यादा प्रभावित होती है और वह भी केवल हैंड लैप को नीचे गिरा कर।

वाहनों में रिफलेक्टिव टेप (परावर्तक पट्टी) लगाना अनिवार्य है। सभी वाहनों के परिचालन हेतु पथकर, दुरस्ती प्रमाण पत्र, प्रदुषण प्रमाण पत्र, परमिट एवं बीमा पत्र अद्यतन होना अनिवार्य -जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने सभी वाहनों के परिचालन हेतु पथकर, दुरस्ती प्रमाण पत्र, प्रदुषण प्रमाण पत्र, परमिट एवं बीमा पत्र अद्यतन होना अनिवार्य है। अद्यतन न होने की स्थिति में मोटरयान अधिनियम 1988 के सुसंगत धारा के तहत दण्डात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने सभी वाहन स्वामियों से अपील किया है कि अपने-अपने वाहन के सभी दस्तावेजों को अद्यतन करा लें एवं दोपहिया वाहन चलाते समय हैलमेट (पीछे बैठने वाले व्यक्ति सहित) एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सिट बेल्ट का उपयोग निश्चित रुप से करना सुनिश्चित करें। सड़क पर वाहन बुलाते समय सड़क सुरक्षा संबंधित मानकों का अवश्य अनुपालन करें।

### विधायक ने बोकारो सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**बोकारो :** विधायक श्वेता सिंह ने क्षेत्र की जनता के शिकायत पर गंभीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए कैंप 2 स्थित बोकारो सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के प्रसूति विभाग में भर्ती महिलाओं,जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों,एवं ओपीडी सेवाओं का जायजा लिया तदोपरांत वहा की जर्जर व्यवस्था से रूबरू हुई। श्वेता सिंह ने व्यवस्था को देखते हुए सिविल सर्जन को तत्काल फटकारते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि 48 घंटे के अंदर सारी जर्जर व्यवस्थाओ को सुदृढ़ करने एवं प्रसूति विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। श्रीमती सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता लगातार बोकारो सदर अस्पताल के अव्यवस्थित कार्य प्रणाली से आए दिन परेशानी झेलती है आए दिन यहां के मरीजों की मौत की खबरें अखबारों में आना आम बात सी हो गई हैं जिससे कि वर्तमान सरकार की बदनामी हो रही है। प्रसूति विभाग में भर्ती एक पीड़ित महिला ने रोते हुए अपनी नवजात शिशु की मौत की शिकायत विधायक श्वेता सिंह के समक्ष की और कहा कि डा रेखा की लापरवाही के कारण यह घटना घाटी।उक्त मामले में डॉ रेखा को तत्काल सस्पेंड करने के लिए विधायक ने सिविल सर्जन को कहा। ज्ञात हो कि सदर अस्पताल आम जनता के लिए संजीवनी है जिससे हजारों लोग लाभ लेते है लेकिन अगर ऐसी बदहाल व्यवस्था रहेगी तो जनता हमेशा परेशानी झेलती रहेगी।

### रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड में डीपीएस बोकारो का परचम

## आईएनएमओ के लिए पांच विद्यार्थियों का हुआ चयन



**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। पांच विद्यार्थियों ने रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) में शानदार सफलता प्राप्त कर भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (आईएनएमओ) के लिए क्वालिफाई किया है। आईएनएमओ के लिए क्वालिफाई करने वाले विद्यार्थियों में विद्यालय की नौवीं कक्षा के छात्र शिवम ओझा, 10वीं के आरुष रंजन, आयुष लच्छीरामका व शीर्ष क्रेजिया तथा 11वीं के कुमार अनमोल के नाम शामिल हैं।

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आईएनएमओ के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस कामयाबी का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन तथा विद्यालय के बेहतर शैक्षणिक वातावरण को दिया है। उल्लेखनीय है कि दि इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आईएनएमओ) एक हाई स्कूल गणित प्रतियोगिता है, जो वर्ष 1989 से प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है। यह अंतरराष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम की चयन प्रक्रिया का द्वितीय चरण है। होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई) द्वारा नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स (एनबीएचएम) के तत्वावधान में यह परीक्षा आयोजित की जाती है।

## आम नागरिक की सुविधा को लेकर चास में चल रहा सर्वे का काम



**बोकारो :** चास नगर निगम अंतर्गत अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार के निर्देशानुसार निगम स्थित वार्ड 1 से लेकर 35 तक नागरिकों के बीच सुविधाओं को लेकर सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है। अपर नगरआयुक्त संजीव कुमार के निर्देशानुसार शहरी नागरिकों को प्रदान की जा रही जन सुविधाओं की जानकारी यथा उन्हें पानी का कनेक्शन मिला है या नहीं, उनके वार्ड में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है ,क्या उनके वार्ड में कचरा उठाने की गाड़ी आ रही है, क्या नागरिकों को निगम के अंतर्गत जो सुविधाएं मिलनी चाहिए क्या उन्हें वह सुविधा मिल पा रही है या क्या उन्हें इसकी जानकारी है। यह सारी चीजों का फीडबैक लेने के लिए नगर निगम के अधिकारी व कर्मी सभी वार्डों में घूम-घूम कर नागरिकों से अद्यतन जानकारी /फीडबैक प्राप्त कर रहे हैं। निर्देशानुसार सुविधाओं के साथ-साथ नागरिकों से यह भी अपील की जा रही है कि जिन्होंने भी अपना होल्डिंग टैक्स जमा नहीं किया है तथा जो अपना टैक्स समय पर जमा नहीं करते हैं वह तय समय पर अपना टैक्स जमा करें। नागरिकों से यह भी अपील की जा रही है कि वह साफ सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में निगम का सहयोग करें तथा अनावश्यक गंदगी फैला कर न रखें ।व्यावसायिक प्रतिष्ठान अपने दुकान के आगे डस्टबिन का प्रयोग करें ।अनावश्यक कूड़ा कचरा इधर-उधर ना फेंके ।शहर को साफ सुथरा बनाने की जिम्मेदारी में प्रशासन के साथ सहयोग करें।

## डीपीएस बोकारो के अनुराग को यूपीएससी इंडियन इकोनॉमिक सर्विस परीक्षा में भारत में पहला स्थान

### विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल, प्राचार्य डॉ. गंगवार ने दी बधाई



**बोकारो :** डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो की गरिमा एक बार फिर राष्ट्रीय फलक पर चमकी है। विद्यालय का छात्र रहे अनुराग गौतम ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से आयोजित भारतीय आर्थिक सेवा (आईईएस) परीक्षा 2024 में पूरे भारतवर्ष में पहला स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय और बोकारो इस्पात नगर, बल्कि पूरे राज्य का मान बढ़ाया है। विद्यालय में 2012 बैच के भूतपूर्व छात्र अनुराग गौतम को रैंक- 1 मिलने से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अनुराग को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों की उपलब्धियों की फेहरिस्त में एक और नया अध्याय है। यह विद्यार्थियों की उत्कृष्ट बुनियाद तैयार करने की दिशा में विद्यालय की प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने अनुराग की इस शीर्षतम कामयाबी को अन्य सभी छात्र-छात्राओं के प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्त्रोत भी बताया।

गौरतलब है कि यूपीएससी द्वारा भारतीय आर्थिक सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2024 के लिए 21 जून से 23 जून, 2024 तक परीक्षा आयोजित की गई थी। आईईएस पर्सनालिटी टेस्ट 2 से 5 दिसंबर तक आयोजित किया गया था, जबकि आईएसएस पीटी 3 से 6 दिसंबर, 2024 तक आयोजित किया गया था। परीक्षा के सभी चरणों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अनुराग ने (यूपीएससी रोल नंबर 0670060) ने देशभर में अव्वल स्थान प्राप्त किया है।

बोकारो इस्पात संयंत्र के अधिकारी अनुपम कुमार और गृहिणी कुमारी संगीता के होनहार पुत्र अनुराग ने वर्ष 2011 में कक्षा 11वीं में भौतिकी, रसायन विज्ञान और गणित (पीसीएम) को चयनित किया था। इसके बाद उन्होंने आईआईटी खड़गपुर से अर्थशास्त्र में एमएससी की पढ़ाई पूरी की। उन्हें बचपन से ही यूपीएससी परीक्षाओं में सफलता पाने की इच्छा थी। दो भाई-बहन में बड़े अनुराग डीपीएस बोकारो में पढ़ाई के साथ-साथ सह-शैक्षिक गतिविधियों में भी आगे रहा करते थे। वह गिटार और तबला भी बजाया करते थे तथा आज भी उनका संगीत से लगाव बरकरार है।